दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज पेपर डिजाइन कराये कम दाम में

वर्ष :- 03 अंक :- 91 मुरादाबाद, 20 July 2023 (Thursday) पृष्ठ :- 12 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## सीएम योगी ने कहा: अब यूपी के माध्यमिक विद्यालयों का होगा कायाकल्प, बदल चुकी है बेसिक स्कूलों की सूरत

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बेसिक शिक्षा के 1.91 करोड़ बच्चों को यूनिफॉर्म, जूते मोजे व स्टेशनरी के लिए 2300 करोड़ रुपये भेज दिए।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि आज से सात साल पहले स्कूलों की स्थिति ऐसी थी कि बच्चे यहां आने से डरते थे। स्कूलों में पेड़ और झाड़ियां उगी रहती थी। बच्चों के नामांकन में गिरावट थी, आज उन्हीं विद्यालयों का कायाकल्प हुआ है। आज वहां बच्चों की संख्या 60 लाख बढ़ी है। बेसिक शिक्षा में परिवर्तन दिखता है, अब बारी माध्यमिक शिक्षा की है। माध्यमिक विद्यालयों के लिए ऑपरेशन कायाकल्प फेज 2 चलाया जाएगा।मुख्यमंत्री बेसिक विद्यालय के 1.91 करोड़ बच्चों को यूनिफॉर्म, स्कूल बैग, जूते मोजे, स्टेशनरी के लिए 2300 करोड़ रुपए डीबीटी करने के बाद संबोधित कर रहे थे।




उन्होंने कहा कि माध्यमिक में नकल विहीन परीक्षा हुई है। पहले नकल का अड्डा कोई और चलाता था, बदनाम शिक्षक होता था। माध्यमिक के राजकीय व एडेड विद्यालयों की, संस्कृत विद्यालयों की स्थिति कार्ययोजना बनाकर सुधारें। इसके लिए सीएसआर फंड, पूर्व छात्रों, सांसद-विधायक निधि का प्रयोग करें। इस अवसर पर सीएम ने बेसिक विद्यालयों के कायाकल्प के लिए सीएसआर फंड से 250 करोड़ देने वाली संस्थानों के प्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह दानदाता पहले भी थे लेकिन पहले कोई इसकी जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं था। अब सब जिम्मेदारी से काम कर रहे हैं। सीएम ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में पहले की अपेक्षा बच्चों की संख्या 1.30 करोड़ से बढ़कर 1.91 करोड़ हो गई है। इस संख्या को बढ़ाने के साथ, बच्चों की पढ़ाई जारी रखना भी महत्वपूर्ण है। शिक्षक ड्राप आउट रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। खासकर बच्चियों के लिए, जिनके अभिभावक कक्षा पांच के बाद स्कूल नहीं भेजते। एक बच्चा स्कूल नहीं आता है तो उसके अभिभावक से बात करें, उसके घर जाकर जानकारी ले। इससे शिक्षक के प्रति सकारात्मक भाव पैदा होगा। शिक्षकों की जिम्मेदारी है, ऑपरेशन कायाकल्प की तरह डीबीटी की सफलता के लिए काम करने की। डीबीटी से जो पैसा भेजा गया, उसका सही प्रयोग हो और बच्चे ड्रेस में ही स्कूल आएं। इसके लिए शिक्षक, अभिभावकों के साथ बैठक करें। सीएम ने कहा कि शिक्षक अपडेट होगा तो पूरी पीढ़ी अपडेट होगी। शिक्षकों को अपडेट करने के लिए समय-समय पर शिक्षण, प्रशिक्षण, रिफ्रेशर कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि मैंने देखा कि शिक्षकों के व्यवहार में थोड़ा रूखापन है। आप खुद देखे की स्कूल में आपका व्यवहार कैसा है। अगर शिक्षक सकारात्मक भाव से बच्चों को आगे बढ़ाएंगे तो इसके काफी बदलाव दिखेंगे। इस अवसर पर राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) माध्यमिक शिक्षा गुलाब देवी, राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) बेसिक शिक्षा संदीप सिंह, मुख्य अपर मुख्य सचिव बेसिक व माध्यमिक शिक्षा दीपक कुमार, महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद आदि उपस्थित थे।

## 'INDIA' गठबंधन ने दिया नारा जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया, 26 दलों ने तय किया 2024 का अपना चुनावी टैगलाइन



भाजपा नेताओं ने इंडिया और भारत के बीच दूरी को लेकर विपक्ष पर सवाल दागने शुरू कर दिए। विपक्षी सूत्रों के अनुसार बेंगलुरू बैठक के दौरान विपक्ष के कई नेताओं ने भी भारत को गठबंधन की आत्मा से जोड़ने की जरूरत बताई थी। इसीलिए जुड़ेगा भारत जीतेगा इंडिया को टैगलाइन बनाने का निर्णय लिया गया है और सभी 26 दलों की यह साझी सियासी विरासत होगी। एनडीए के खिलाफ बने 26 विपक्षी दलों के इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस ( इंडिया ) ने गठबंधन के नामकरण के दूसरे दिन ही अपना सियासी टैगलाइन भी तय कर लिया है।

### क्या होगा 2024 के चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन का नारा?

इंडिया और भारत के बीच दूरी के विवाद बनने से पहले ही विराम देने के लिए इंडिया गठबंधन ने अपनी टैगलाइन के जरिए भारत को जोड़ते हुए ऐसे सवालों को थामने की कोशिश की है। इसीलिए चौबीस घंटे के अंदर इंडिया ने अपना टैगलाइन जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया जारी करने में देर नहीं लगाई। विपक्षी दलों ने इसी के साथ यह तय कर लिया है कि जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया 2024 के चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन का नारा होगा।

### क्या कहा केसी वेणुगोपाल ने ?

कांग्रेस के आधिकारिक टविटर हैंडल पर यह नारा एक संक्षिप्त वीडियो के साथ जारी हुआ। वहीं कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने असम के मुख्यमंत्री भाजपा नेता हिमंता विश्व सरमा की विवादस्पद टिप्पणियों का टविटर पर जवाब देते हुए जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया का जिक्र कर इस नारे को 26 दलों की साझी सियासी पूंजी बनाने का साफ संदेश दिया।

### सीएम सरमा ने टविटर प्रोफाइल से इंडिया हटा कर लिखा भारत

तृणमूल कांग्रेस से जुड़े सूत्रों ने भी विपक्षी गठबंधन के इस टैगलाइन पर सबकी सहमति बनने की बात कही। बेंगलुरू में विपक्षी गठबंधन का नाम इंडिया रखे जाने का ऐलान होने के बाद एनडीए-भाजपा खेमे ने नाम पर विवादों की गुंजाइश बनाने की तत्काल कोशिश शुरू कर दी। असम के सीएम सरमा ने मंगलवार को ही इंडिया को अंग्रेजों की गुलाम मानसिकता से जोड़ते हुए टविटर के अपने प्रोफाइल से इंडिया हटा कर भारत लिख दिया।

### भाजपा नेताओं ने विपक्ष पर दागे सवाल

भाजपा नेताओं ने इंडिया और भारत के बीच दूरी को लेकर विपक्ष पर सवाल दागने शुरू कर दिए। विपक्षी सूत्रों के अनुसार बेंगलुरू बैठक के दौरान विपक्ष के कई नेताओं ने भी भारत को गठबंधन की आत्मा से जोड़ने की जरूरत बताई थी। इसीलिए जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया को टैगलाइन बनाने का निर्णय लिया गया है और सभी 26 दलों की यह साझी सियासी विरासत होगी। टैगलाइन को अंतिम रूप देने में कई विपक्षी नेताओं ने योगदान दिया।

### इंडिया भारत है और भारत इंडिया है - केसी वेणुगोपाल

केसी वेणुगोपाल ने भारत और इंडिया का विवाद उठाने वाले असम के मुख्यमंत्री को जवाब देते हुए बुधवार को टवीट में कहा उनका बयान भाजपा की विभाजनकारी सोच को प्रदर्शित कर रहा है क्योंकि वे हमारे देश को कई नामों पर विभाजित करने की कोशिश कर रहे हैं। इंडिया भारत है और भारत इंडिया है। सरमा ने कभी संविधान को देखा, पढ़ा होता, तो अनुच्छेद-एक बिल्कुल स्पष्ट है।

### केसी वेणुगोपाल ने दी सीएम सरमा को नसीहत

केसी वेणुगोपाल ने कहा कि सरमा रोजाना लोगों को धार्मिक, जाति, समुदाय और क्षेत्रीय आधार पर विभाजित करते हैं। क्या क्रिकेट के मैदान पर भारत की जय-जयकार करने वाले लोग भारतीय नहीं हैं? क्या वे भारतीय जो दुनिया को गर्व से बताते हैं

कि वे भारतीय हैं, क्या कम देशभक्त हैं? सरमा को नसीहत देते हुए वेणुगोपाल ने कहा कि भारत को गलत नजरिए से देखना बंद करे और देखें कि हमें क्या एकजुट करता है।हमारी देशभक्ति, हमारा भाईचारा और हमारा सद्दभाव ही हमें भारतीय बनाता है। इसी के आखिर में वेणुगोपाल ने जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया का उपयोग किया है।

## रामपुर के शाहबाद में दर्दनाक हादसा, ईंट-भट्ठे के गड्ढे में डूबने से पांच बच्चों की मौत, नहा रहे थे सभी



उत्तर प्रदेश के रामपुर के शाहबाद में दिल दहलाने वाला हादसा हुआ। यहां गहनी गांव में ईंट भट्ठे के गड्ढे में पांच बच्चे डूब गए। बच्चे बकरी चराने के दौरान गड्ढे में नहाने उतर गए थे। सभी बच्चों की उम्र 10 से 12 साल के बीच थी। सूचना पर पहुंचे ग्रामीण आनन-फानन बच्चों को निकाल कर सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। ढकिया चौकी क्षेत्र के गहनी गांव स्थित ढकिया निवासी शरीफ का ईंटो का भट्ठा है। भट्टे के निकट भट्ठा संचालक लगभग पंद्रह फिट गहरा मिट्टी के लिए गड्ढा खोदकर रखे था। इस गहरे गड्ढे में बारिश से जलभराव की स्थिति थी। इस जगह पर गद्धार पट्टी टीका सिंह गांव निवासी कदीर की बेटी अलीना ( 10 ), शकील का बेटा आकिल ( 14 ), न्याज अली की बेटी गुलशन ( 11 ), मोहन सिंह की बेटी चंचल ( 11 ), इसरार की बेटी सना ( 10 ), पप्पू का बेटा आदिल और भागीरथ का बेटा राम सिंह सभी बकरी चराने के लिए बुधवार दोपहर को आए थे। इस दौरान बकरी चराने आए अलीना, आकिल, गुलशन, चंचल और सना नहाने के लिए गड्ढे में उतर गए।

सभी लोग खेलते हुए गहरे पानी पहुंच गए जहां पर उन्होंने डुबकी लगने लगी। पांचों बच्चों को डूबता हुआ देखकर आदिल और राम सिंह शोर मचाते हुए भट्टे पर पहुंचे भट्टे पर मौजूद चौकीदार भगवानदास, नरेश और अतरपाल मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंचकर डूबे हुए बच्चों को निकाला गया और तुरंत निजी वाहन के माध्यम से उन्हें शाहबाद पीएसी भेजा गया। सीएचसी में चिकित्सकों ने पांचों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। इस हादसे के बाद क्षेत्र भर में गम का माहौल है और मौके पर भीड़ है। सूचना के बाद एसडीम सुनील कुमार पहुंच गए। बाद में एडीएम हेम सिंह भी पहुंच गए।बच्चे बकरी चराने के दौरान गड्ढे में नहाने उतर गए थे। सभी बच्चों की उम्र 10 से 12 साल के बीच थी। सूचना पर पहुंचे ग्रामीण आनन-फानन बच्चों को निकाल कर सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## सपा और सुभासपा के संबंधों में क्यों आई खटास? एनडीए में शामिल होने के बाद ओपी राजभर ने खोला राज



लोकसभा चुनाव से पूर्व सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ( सुभासपा ) के एनडीए में शामिल होने को भाजपा की बड़ी रणनीतिक जीत माना जा रहा है। इसी बीच बुधवार को सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने बड़ा बयान दिया।सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ( सुभासपा ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने एनडीए गठबंधन में शामिल होने के बाद बुधवार को बड़ा बयान दिया। राजभर ने विधायक अब्बास अंसारी, बेदी राम, पूर्व मंत्री जगदीश नारायण राय और हंसूराम को समाजवादी पार्टी का सदस्य बताया है।उन्होंने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सुभासपा से चुनाव लड़ाने के लिए इन सबके साथ कुल 13 लोगों को टिकट दिलवाया था। यह आगे चलकर संबंधों में खटास का कारण बना। ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि विधानसभा चुनाव 2022 में सुभासपा ने सपा के साथ गठबंधन कर लड़ा था।

### अब्बास अंसारी पर भी बोले राजभर

सुभासपा के टिकट पर छह नेताओं ने जीत हासिल की थी। इनमें जहुराबाद से खुद ओमप्रकाश राजभर, मऊ से अब्बास अंसारी, जखनियां से बेदी राम, जफराबाद से पूर्व मंत्री जगदीश नारायण राय, बेल्थरा से हंसूराम और दुद्धी से दूधनाथ राम विधायक बने हैं। हाल ही में एनडीए में शामिल हुए सुभासपा अध्यक्ष ने कहा कि जो विधायक बने हैं, इस समय वे सुभासपा के ही साथ हैं। अब्बास अंसारी जेल में बंद हैं, पहले बाहर आएं, तो सोचा जाएगा कि क्या करना है। गाजीपुर लोकसभा सीट को लेकर चल रही चर्चाओं पर सुभासपा अध्यक्ष ने कहा कि टिकट बंटवारे को लेकर अभी कोई बात नहीं हो रही है।

संपादकीय Editorial

# Border Spy of Pakistan!

Seema Haider and her alleged husband Sachin Meena, who came to India illegally from Pakistan, have been taken into custody. This is not an arrest. This action has been taken by the Anti-Terrorism Squad (ATS) of UP, because it has some primary doubts, so it wants to do a thorough questioning. The ATS's suspicions are not related to terrorism, but senior police officers are treating Seema as an agent or spy of Pakistan's intelligence agency ISI.

There are also several fundamental reasons for these doubts. For example, 27-year-old Seema of Pakistan first went to Sharjah with her four minor and small children, how did she come to Nepal from there and finally enter India? Why didn't the BSF and the local police catch him on the border? Clarification is being sought from them as well. From where did Seema get 4 mobile phones, 3 fake identity cards, 4 birth certificates, 4 passports of children, 2 passports of Seema herself and 5 vaccination certificates etc., why did she get these made or who helped her? If she is a normal woman and deeply in love, then why did she need so many documents? Apart from these questions, there is also an important question before the investigating agencies like ATS, Police, Intelligence Bureau that why more than 30 Hindu women have gone missing in Pakistan after Seema came to Greater Noida in UP and where are they? Explain the government of Pakistan. Why is the Hindu temple in Karachi attacked with a rocket launcher? By the way, there have been attacks on minorities in Pakistan. They have also been forced to convert, but it is a matter of concern that threats are being given to kill Hindu women in Pakistan.

Some masked men are also threatening with weapons in their hands that if Seema Haider is sent back to Pakistan, she will be killed. The question is also that those miscreants have also made videos viral on social media. Some people are also demanding to hang the 'unfaithful' Seema openly at the crossroads. His public and social character assassination is also being done. In response to these threats, some Hinduist organizations in India warned the government that if the border was not sent across the border within 72 hours, then agitation would be launched. Of course, this may be a story of love that does not care about borders, but national security cannot be ignored for its sake. Former Director General of Police, UP, Dr. Vikram Singh believes that today one Seema and 4 children have entered India illegally. Tomorrow 50 borders and hundreds of children can infiltrate into the country. This is a matter of crime, there is no need to get emotional.

Tomorrow the issue of human rights of children can be raised at the global level. The Government of India is capable of answering that. We have not been able to stop illegal infiltration from Bangladesh and Myanmar. Cross-border and pro-Pakistan terrorism is also being run through infiltration. If one more problem is taken care of, then it can be dangerous for the country. Actually the focus of the ATS and IB investigation is whether Seema is an ISI spy? She is only 5th pass, but knows, understands and speaks English very well. Where and when did he get this training? The agencies also want to trace the route from Pakistan to India. Wants to try to reach Seema's helpers. Also wants to reach the background and reality of Seema and Sachin's relationship. Seema is now living in Sachin's house in Greater Noida by becoming a Hindu. However, it is necessary to reach the truth.

# Political mobilization and the new threat of 'India' versus 'Bharat'

It is being said that Congress leader Rahul Gandhi has been the inspiration behind the new nomenclature. The thinking is that the BJP and Prime Minister Narendra Modi can attack the Congress and the opposition parties in their speeches, but with what face will they oppose 'India'? If he did so, would it not be against India and by implication against the people of India? The kind of political mobilization that is now taking place in the election Mahabharata for the 18th Lok Sabha in the country in 2019, there is a high possibility of deviating from its goal. This distraction from public issues will be of 'India' versus 'Bharat'. Despite all the promises, controversies and inconsistencies, the central goal of this election is to oust the Modi government in a yen-ken way or to bring the Modi government to power for the third time at any cost.

This also includes the struggle of the opposition parties to save their political existence, which is being projected as saving the Constitution and democracy. India needs a strong and determined leadership - the meaning is that if the soul of the constitution and democracy is killed, then what will survive in the country? Do we want to move towards a democratic dictatorship? The people of the country will never accept this. On the other hand, the parties involved in the BJP-led NDA believe that in today's global situation, India needs a strong and determined leadership. Beyond this, the survival of the Constitution, democracy and the opposition does not matter much. For ten years, India has been trying to walk on the double-decker corridor of Hindutva and economic development, it should move forward like this. The special thing is that this political mobilization is taking place bypassing ideological urges and commitments, in which the selfishness of power is paramount. Since power battles in a democracy are held through elections, two major camps are emerging with new political make-up. An interesting development in the meeting of 26 opposition parties in Bengaluru is the new nomenclature of the opposition Mahajutan. New name 'India' - This camp has left its old name UPA and adopted the new name 'India', which is an abbreviation of 'Indian National Developmental Inclusive Alliance' in English.

Looking at the name, it seems that first the abbreviation was thought of, then the words were inserted. Because its translation into Hindi, which is spoken and understood by 80 crore people of the country, would be very complicated i.e. 'Indian National Developmental Inclusive Alliance' (Bharavisag). Rahul Gandhi's inspiration behind the name? - It is being said that Congress leader Rahul Gandhi has been the inspiration behind the new nomenclature. The thinking is that the BJP and Prime Minister Narendra Modi can attack the Congress and the opposition parties in their speeches, but with what face will they oppose 'India'? If he did so, would it not be against India and by implication against the people of India?

The renaming also conveys the message that those involved in the UPA have accepted that the old name has now become a victim of political inauspiciousness. However, the trick of keeping the hope of 'Bhagyantran' from 'Namantran' is old. It is not necessary that he always succeeds. But the real question is also hidden in this 'renaming'. The 'India' that is being talked about to be saved through a new name, is it also 'Bharat'? Is there not more need to save 'Bharat' than 'India' today? The BJP has started counterattacking on this issue. Assam Chief Minister Himmat Biswa Sarma sarcastically said that the British had named the country as 'India'. We must fight to free the nation from the colonial legacies.

By the way, it has been said since independence that two countries reside in India, the first is 'India', which is the dominant society, economically prosperous, English language and the country of those who have similar ambitions and the second - There is 'Bharat', which is the country of the poor, farmers and those who want to speak and understand the native language and lead a minimum respectable life. So is this the root of India's political, social and economic conflict? As far as the transformation of 'UPA' into 'India' is concerned, it is not just a verbal transformation.

In this, to some extent, every possible effort to save the soul of India and the urge to accept political conversion is also contained. Political conversion because Congress first accepted soft Hindutva. Now he is also ready to embrace soft nationalism. The move is to bowl the BJP on its own pitch. That's why in the case of ideological and local demands, conflicting leaders and parties are also ready to have dinner together in a pangat.

Provided the aggressive nationalism of Modi and BJP is defeated. On the other hand, the ruling NDA (National Democratic Alliance) is following the old lines with new tricks. The 25-year history of NDA has changed so much that despite the change of camp of some old comrades, its base has increased. Even if it has not changed in the seats. After some old comrades left the NDA, now some new and minor local Risaldars are securing their political future under the umbrella of the NDA. Who has how many parties? - In terms of numbers, 'NDA' is still heavy on 'India'. There are 26 parties in India and 38 in the NDA. But it is not only the numbers that matter, but the mass base and ideological ground of the political parties. Apart from the Congress and the Communists, there are several regional parties which have their own strong ground hold in the states. That's why they may be less in number, but Trinamool Congress, Nationalist Congress Press, Janata Dal U, RJD, JMM, National Conference etc. are such parties which have their own strong and tested vote bank. On the contrary, if the BJP is left out of the parties included in the NDA, then the position of mass base and influence of other parties and leaders is like that of cubs following the lioness.

The opposition Mahajutan of Bengaluru is sure that in the current situation, the name 'India' will create new excitement and consciousness among the common voter, which can change the equation of electoral victory. But this target is difficult because there is a huge vote bank gap between the BJP-led 'NDA' and 'India'. If you look at the statistics, since 2004, the vote bank of 'NDA' is continuously increasing. It was 22.18 percent in 2004, which increased to 37.36 percent in 2019. While the UPA's vote percentage increased in 2004 and 2009, it remained stable at around 19 per cent in the 2014 and 2019 elections. This simply means that till 'India' does not take its vote bank beyond 37 per cent, its capture of the Red Fort will be a dream. Doubling the vote bank is not an easy task. This is possible only when the opposition has a strong face, concrete program and a clear road map to take the country forward. The phrases like saving the constitution and democracy are more theoretical. These may be influenced more by political interests, but may not mean much to the common man. Especially when 'Rewdi Culture' has now got political recognition in this country. However, in the 2024 elections, the 'India' vote may increase by 2-4 per cent, as parties with strong mass base in some states have joined it. But here also the problem is that due to split in mass base Shiv Sena, NCP and Akali Dal, their own vote bank is getting crunched. In such a situation, 'India' will be able to get only limited benefit from it. On the other hand, NDA can fulfill this shortcoming of vote bank by bringing in its camp those small parties, whose vote share is two to four percent and who are not in a position to show much eye. That is, the change in power in Delhi is possible only when the public is determined to defeat Modi and the BJP at all costs, for which there is no possibility in sight. So will the jumla of 'India' prevail over 'Bharat' or not? The prospects are bleak now. The biggest reason for this is that the Congress, which is leading this front, is also in close proximity. Rahul Gandhi himself is said to be reluctant to become the Prime Minister. In such a situation, the question will be stuck on the leadership. The distribution of Lok Sabha seats among the 26 parties in the respective states is also a complicated process, in which many twists and turns are yet to come. In order to convert the Lok Sabha elections into one to one contest, all the parties will have to make political sacrifice by being free from prejudices. It remains to be seen how it will turn out in practice. Here two arguments are given for the 1977 and 2004 Lok Sabha elections. In the first case, the defeat of the Congress led by Mrs. Indira Gandhi by the Janata Party, and in the second case, the defeat of the NDA at the hands of the fledgling UPA, despite a veteran leader like Atal Bihari Vajpayee. Janata Party was used as a merger of 6 parties including the then Bharatiya Jana Sangh into one party. But at that time also 32 non-Congress parties were not included in it. The Janata Party got 41.32 per cent votes in that election, which is now the highest number of votes polled by any opposition party. But the Janata Party also won mainly in North West India and the Congress saved its fort in the South. The Janata Party then had the leadership of Jayaprakash Narayan and some old Congress leaders. But the real reason for the victory of JAPA was the anger spread among the people due to the emergency imposed by Mrs. Gandhi in the country. Since this chant was also a mismatch of ideological alliance of parties, this experiment failed after two and a half years. In 2004, the BJP-led NDA lost even after having a strong face like Atalji, because then they suppressed the Hindutva idea under the guise of liberal politics. The real reason behind the increasing mass base of BJP and NDA has been the expanding mobilization of majority Hindu voters on Ram Mandir, but the Atal government had kept the core issue like Ram Mandir in cold storage. Along with this, the 'feel good' factor also took the NDA down. The message went to the public that the government is not particularly concerned about the poor. Making this an issue, the UPA came to power in 2004 without any face. But the UPA 2 term was marred by scams, scandals and lack of strong political leadership. On the other hand, the BJP cooked up the Ram Mandir issue and made Narendra Modi its face as a staunch Hindutva leader. This experiment was successful, which reaped rich dividends for BJP and NDA in 2019 as well. If you look closely, in the 2019 elections, Modiji had more negative issues like demonetisation in his account. But steps like the air strikes have polished his decisive image. Today, even after opposition allegations like authoritarianism, dictatorial attitude and abolition of democratic institutions on Modi, he will have works like Ram Mandir, removal of Article 370 from Kashmir, implementation of NCA and soon bringing UCC in his account. Narendra Modi's biggest success is that he has created a committed vote bank of his own apart from BJP, if we consider it as 'Bharat' then it is very difficult for 'India' to overcome it.

## किसानों की समस्याओं का अधिकारीगण न्यायोचित एवं समयबद्धता से निस्तारण करें-डीएम

क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद जिलाधिकारी श्री शैलेन्द कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेऊट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें विद्युत संबंधी फसल मुआवजा, गन्ना भुगतान, बैंक, विद्युत जर्जर लाइन, बिजली चोरी आदि की समस्याओं को प्रमुखता से रखा गया, जिस पर जिलाधिकारी ने किसानों की न्यायोचित समस्याओं का समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने सहित किसानों की विभिन्न दिक्कतों के त्वरित निराकरण के अधिकारियों को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों की जो भी समस्याएं हैं उनकी सकारात्मक सोच के साथ निस्तारण सुनिश्चित किया जाये और जो भी कार्यवाही की जाये उससे संबंधित को भी अवगत कराया जाये तथा उसकी प्रतिलिपि जिला कृषि अधिकारी को भी भेजे। जिलाधिकारी ने कहा कि संवादहीनता नही होनी चाहिए परस्पर आपसी संवाद बनाये रखें और संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए समस्याओं का न्यायोचित समाधान करें, ताकि किसान दिवस की सार्थकता बनी रहें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि किसानों का किसी भी तरह का उत्पीड़न न हों तथा विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये कि बिजली चोरी के मामलों में गहनता एवं निष्पक्षता के साथ जांच करें। किसान दिवस में गन्ना का भुगतान के संबंध में जिलाधिकारी ने गन्ना मिल प्रबन्धकों को समय से भुगतान करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गन्ना भुगतान में मिलें लापरवाही न बरतें, गन्ने का भुगतान जितना जल्दी हो सके कर दें। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि किसान दिवस में आने वाली समस्याओं को नोट कर उनका गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करना सुनिश्चित करें तथा किसानों को भी निरन्तर अवगत कराते रहें। उन्होंने कहा कि कृषक बंधु लिखित में शिकायत फोन नम्बर सहित दें, ताकि शिकायत के निस्तारण तथा आपको भी शिकायत के संबंध में जानकारी उपलब्ध करायी जाये। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि जो भी शिकायतें आयीं है उनका निस्तारण करने का हर संभव प्रयास किया जायेगा। सभी कृषक अपना सकारात्मक सहयोग प्रदान करें और मिलते भी रहें ताकि फीडबैक भी मिलता रहें। उन्होंने कहा कि कोई समस्या है तो उसे बतायें जो निदान संभव होगा किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि परिस्थितियों के अनुसार लगातार सुधार हो रहा है और होता रहेगा। जिलाधिकारी ने किसानों की शिकायत पर विद्युत विभाग के अधिकारियों को जनता से बेहतर संवाद बनाने एवं आपस में सामन्जस्य बनाने के निर्देश दिए। किसान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, सिटी मजिस्टेऊट किंशुक श्रीवास्तव, एस0ओ0सी0, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, ए0आर0 को-आपरेटिव, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, अधिशासी अभियन्ता विद्युत ग्रामीण, गन्ना, मण्डी, सिंचाई, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों सहित शुगर मिल के प्रबन्धक एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण तथा कृषकगण उपस्थित रहें।


## जिलाधिकारी ने अधिकारियों को बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- जिलाधिकारी श्री शैलेन्द कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेऊट सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की जनपद स्तरीय द्वितीय अर्न्तविभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि कार्यो में जहां-जहां कमी हो उसको दूर करने की जाये। उन्होंने उपस्थित सभी एम0ओ0आई0सी0 को निर्देश दिये कि सभी विभागों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें। उन्होंने पशुपालन विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये कि कार्य प्र्रगति को बनाये रखें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि आशाओं की टेऊनिंग गुणवत्तापूर्ण सुनिश्चित करवायी जाये तथा उपस्थित अधिकारियों से कहा कि इस अभियान के अन्र्तगत कार्ययोजना के तहत कार्यो को जल्द से जल्द सुनिश्चित करवाया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि कमियों को सभी अधिकारी दूर करने की कोशिश करें। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहरों में साफ-सफाई बेहतर तरीके से सुनिश्चित की जाये तथा कहीं पर भी कूडा इक्टठा न हो तथा नियमित रुप से कूड़े का उठान कराते रहें तथा जल भराव भी न हो। सभी कार्यक्रमों को समय से करते रहें जिससे कि शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी, उप मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, समस्त उप मुख्य चिकित्साधिकारी, नोडल अधिकारी, समस्त चिकित्साधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्साधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत, एनएचएम मुरादाबाद, अर्बन हेल्थ कोर्डिनेटर, डीएनसी, डब्लयूएचओ, कोरपीसीआई, यूनिसेफ के प्रतिनिधि, डीपीएम, वीसीसीएम, यूएनडीपी व जेएसआई के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## पुलिस की जांच में चोट में भी ठीक है जूली का प्रेमी अजय



मुरादाबाद- सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर मुरादाबाद के अजय का पुलिस ने कुशल क्षेम पता कर लिया। उसने अपने चोटिल होने का कारण तो पुलिस को नहीं बताया, लेकिन यह बात साफ कर दी कि वह बांग्लादेश में अपनी प्रेमिका जूली के साथ ठीक है। अपनी मर्जी से जूली के पास गया है। तीन चार-माह बाद धान की की कटाई करने के लिए परिवार सहित भारत आएगा। कर्नाटक में धान काटने की मशीन चलाएगा। बांग्लादेश की जूली की यह कहानी सोशल मीडिया में वायरल हुई थी। जिसमें वह मुरादाबाद के अजय से इश्क में भारत आयी। मुरादाबाद के रहने वाले अजय से शादी की और बांग्लादेश से उसकी खून सनी तस्वीर वायरल की। मंगलवार को सिविल लाईन्स पुलिस ने प्रकरण की जांच में इस गहरे तथ्य का खुलाया किया है। बताया है कि शहर का अजय पुत्र रामचन्द्र नया गांव गौतमनगर की गली नंबर सात का रहने वाला है। जांच टीम को बताया गया कि अजय की मां सुनीता घर पर मिलीं। सुनीता ने बताया कि मेरा बेटा अजय दो वर्ष से जूली नाम की महिला से फेसबुक पर चैटिंग करता था। पता चला था कि वह महिला बांग्लादेश की रहने वाली है। बीते साल जून माह में वह अजय से मिलने मेरे घर पर आयी। साथ में उसकी बेटी हलीमा ( 11 वर्ष ) भी थी। जूली ने तभी अजय ने ट्यूबवेल कॉलोनी स्थित शिव मंदिर मे हिंदू रीति-रिवाज से शादी कर ली थी। 10 दिन बाद वह बेटी के साथ यह कहकर वापस बांग्लादेश चली गयी थी कि मैं 15 दिन के वीजा पर आयी हूं। अब से करीब तीन-चार महीने पहले जूली बेटी हलीमा के साथ फिर यहां आयी। करीब डेढ़ महीना अजय के साथ पत्नी के रूप मे रही। होली के बाद जूली बेटी हलीमा को लेकर बांग्लादेश के लिए चली गयी। जूली के अनुसार अजय भी कोलकाता की तरफ बांग्लादेश के बॉर्डर पर पहुंच गया। बांग्लादेश पहुंचने पर फोन के जरिए बताया कि मैं बांग्लादेश पहुंच गया हूं। उसने अपना फोटो भी भेजा था। पुलिस का दावा है कि सुनीता को उसके बेटा व्हाटसप कॉल पर बात करता है। 10 जुलाई को उसने मां को व्हाट्सएप नम्बर से कुछ फोटो भेजे, जिसमें उसके सिर मे चोट लगी हुई है। खून निकला दिख रहा है। कुछ फोटो में पट्टी बंधी हुई है । डॉक्टर की लिखी दवाई का पर्चा भी दिखाया है। जांच के दौरान ही सुनीता के पास उसके बेटे अजय की व्हाटसप कॉल आयी। मां सुनीता के साथ जांचकर्ता ने भी अजय से बात की। उसने ने बताया कि मैं बांग्लादेश में हूं। जूली का असली नाम जूलिया अख्तर है। जूली का अपना निजी मकान है, जिसमे 7-8 कमरे हैं उन कमरों के किराए से घर का खर्चा चलता है। जूली के बांग्लदेशी पति की मृत्यु हो चुकी है। चोट के बारे में स्पष्ट नहीं बताया, लेकिन यह कहा कि मैं यहां ठीक हूं। पुलिस का कहना है कि अजय ने बताया कि उसके घर वाले संपति से बेदखल कर रहे थे, इसलिए अपनी मर्जी से जूली के साथ बांग्लादेश चला गया। बताया कि अब से तीन-चार महीने बाद धान की फसल की कटाई करने के लिए परिवार सहित आऊंगा। कर्नाटक में धान काटने की मशीन चलाऊंगा। जांच टीम का कहना है कि अजय बांग्लादेश के जनपद ढाका के गाजीपुर शहर में जूली के साथ है।

## मोहर्रम व कावंड यात्रा को कुशलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु जिला प्रशासन की ताजियेदारों के साथ बैठक सम्पन्न

क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- पंचायत भवन सभागार में मोहर्रम व कांवड यात्रा को सकुशल संपन्न कराये जाने के संबंध में शान्ति समिति की बैठक आहूत की गयी, जिसमें मोहर्रम व कावंड यात्रा को सकुशल संपन्न कराये जाने के संबंध में शहर के गणमान्य नागरिकों से फीडबैक/सुझाव लेते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को मोहर्रम व कावंड़ यात्रा पर समय से सभी व्यवस्थायें दुरस्त करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि व्यवस्थाएं पहले से कमतर नही होंगी बल्कि और बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि जो भी समस्यायें बतायीं गयी हैं उनके निस्तारण हेतु पूरे मनोयोग से कार्य किया जायेगा और सभी तरह की व्यवस्थायें दुरस्त की जाये।

उन्होंने कहा कि यदि कहीं पर कोई कमी रहती है तो अवगत करा दें समय से ठीक करा दी जाएगी। एक दूसरे के प्रति सम्मान की भावना बनाकर रखें। जिलाधिकारी ने मोहर्रम पर नगर निगम एवं विद्युत विभाग को अपने दायित्व का ठीक प्रकार से निवर्हन करने के निर्देश देते हुए कहा कि पूर्व की तरह इस बार भी सभी व्यवस्थायें मुकम्मल की जाये और अलर्ट रहें। जिलाधिकारी ने मोहर्रम मार्ग को दुरस्त करने तथा साफ-सफाई के साथ ही पेयजल की अनवरत व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिये हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री हेमराज मीना ने ताजियेदारों से कहा कि मोहर्रम के रुट चैक कर लें तथा आपस में तालमेल बनाकर रखें, समय का विशेष ध्यान रखें। विवाद की तरफ न बढे, बल्कि समाधान की तरफ बढे, रास्ता खराब है या कोई अन्य समस्या है तो समय से सूचित कर दें ताकि समस्या का समाधान किया जा सके। ऐसा कार्य न करें जिससे कि आपको किसी प्रकार की परेशानी हो। सोशल मीडिया पर सतर्कता बरते, अफवाहों से बचें, शहर में अमन शान्ति बनाये रखें, सभी एक दूसरे के धर्मो का सम्मान व आदर करें। छोटे-छोटे विवादों को संज्ञान में लाए ताकि समय से निस्तारण किया जा सके। डीएम एवं एसएसपी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि ताजियेदारों के रुट में साफ-सफाई एवं स्ट्रीट लाईट की पर्याप्त व्यवस्था सहित ताजियेदारों के मार्गो को गड्ढामुक्त करने की भी कार्यवाही की जाये। इसके साथ ही अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने की हिदायत देते हुए सभी एसडीएम व पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी विवाद हों उन्हें समय रहते हल कर लिया जाये तथा थानावार शान्ति समितियों के बैठक आयोजित कर उसमें ताजियेदारों को भी आमंत्रित किये जाने के अतिरिक्त त्यौहार रजिस्टरों को पुनः चैक करके सभी निरोधात्मक कार्यवाहियां करने, ताजियेदारों के मार्गो में अवरोध पैदा करने वालें विद्युत तारों को सुरक्षा की दृष्टि से हटवाने की कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त सभी एसडीएम व सीओ को लेखपालों एवं हल्का सिपाही के माध्यम से ताजियेदारों के मार्गो को संयुक्त रुप से चैक कराकर किसी भी विवाद की स्थिति से निपटने हेतु वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करने पर बल दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, एसपी सिटी अखिलेश भदोरिया, एसपी टैऊफिक सुभाष चन्द्र गंगवार, सिटी मजिस्टेऊट, एसपी ग्रामीण, नगर पालिका/नगर पंचायत के ई0ओ0, नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, विद्युत, समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष, शहर इमाम, नायब शहर इमाम एवं संबंधित विभागों के अधिकारी तथा गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें।

सुपर जोइनिंग वीक
उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब का तेजी से बढता आपका अपना
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच & KNLS Live
आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से
रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की
12 पेज का फुल अखबार
एक बार कॉल अवश्य करे
9027776991
प्रसारित क्षेत्र - उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब बाकि राज्यों से जल्द प्रसारित

### क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# उत्तर प्रदेश के 22 जिलों से गुजरेगा गोरखपुर-शामली ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे, 700 किलोमीटर होगा लंबा

गोरखपुर-शामली ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे का निर्माण पंजाब-नॉर्थ ईस्ट कॉरिडोर के तहत होगा।

इससे पूर्वोत्तर, हरियाणा और पंजाब का जुड़ाव आसानी से हो सकेगा। गोरखपुर-शामली एक्सप्रेस-वे शामली के गोगवान जलालपुर से शुरू होगा। यहां से होकर दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे भी बनेगा।गोरखपुर-शामली ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे की लंबाई करीब 700 किलोमीटर होगी। इसकी डीपीआर तैयार करने की जिम्मेदारी एक निजी फर्म को सौंपी गई है। एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया कि यह एक्सप्रेस-वे यूपी के 22 जिलों से होकर गुजरेगा। इसके बनने से हरियाणा और पंजाब भी जुड़ जाएंगे।जानकारों के अनुसार, गोरखपुर-शामली ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे का निर्माण पंजाब-नॉर्थ ईस्ट कॉरिडोर के तहत होगा। इससे पूर्वोत्तर, हरियाणा और पंजाब का जुड़ाव आसानी से हो सकेगा। गोरखपुर-शामली एक्सप्रेस-वे शामली के गोगवान जलालपुर से शुरू होगा।

यहां से होकर दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे भी बनेगा। अंबाला-शामली और शामली-गोरखपुर एक्सप्रेस-वे जुड़ जाएंगे। बताया जा रहा है

कि गोरखपुर-शामली ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे गोरखपुर और शामली सहित उत्तर प्रदेश के 22 जिलों संतकबीरनगर, बस्ती, अयोध्या, बाराबंकी, गोंडा, बहराइच, लखनऊ, सीतापुर, हरदोई, शाहजहांपुर, बदायूं, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, संभल, अमरोहा, बिजनौर, मेरठ, मुज़फ्फरनगर और सहारनपुर से होकर गुजरेगा।यह होगा गोरखपुर-सिलीगुड़ी ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे का रूट-एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया कि गोरखपुर-सिलीगुड़ी ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे का रूटमैप तैयार हो चुका है। गोरखपुर में जगदीशपुर से शुरू होकर देवरिया फिर कुशीनगर जिले के तमकुहीराज तहसील से होते हुए सड़क बिहार के गोपालगंज में प्रवेश करेगी। यूपी में 84.3 किमी, बिहार में 416.2 किमी और पश्चिम बंगाल में 18.97 किमी समेत सड़क की कुल लंबाई 519.58 किमी होगी। इसके निर्माण पर कुल लागत करीब 32,000 करोड़ रुपये तय की गई है।चौरीचौरा तहसील के 14 गांवों में अधिग्रहित की गई है जमीन-परियोजना के तहत गोरखपुर, कुशीनगर और देवरिया जिले के कुल 111 गांवों में जमीन का अधिग्रहण किया गया है। इसमें गोरखपुर की चौरीचौरा तहसील के 14 गांव, कुशीनगर की हाटा तहसील के 19, तमकुहीराज तहसील के 42 और कसया तहसील के 13 गांव शामिल हैं। देवरिया जिले की सदर तहसील के 23 गांवों की 60 से 100 मीटर चौड़ी जमीनों का अधिग्रहण किया गया है।

# अबैध कारोबारियों पर शिकंजा कसने में असमर्थ एसएचओ निधौली

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- ड्यूटी एवं फर्ज के प्रति समर्पित रह कर आमजन के हित में कार्य करने एवं कानून व्यवस्था सुडौल बनाने की सोच से शपथ संकल्प के साथ वर्दी धारण करने बाले अगर अपने मकसद से भटक जायेगें तो अनैतिक गैर कानूनी काम करने बालों का बेलगाम होना स्वभाविक हो जाता हैं । ऐसे में न सिर्फ सरकार की छबि खराब होने के आसार बन जाएंगे बल्कि स्वच्छ छवि बाले अधिकारियों की शाख पर भी बट्टा लगने की आशंकाएं बलबती होने लगती हैं । यह हम नहीं बल्कि कस्बा निधौली कलाँ इलाके में पुलिस के ख़ौफ़ से बेख़ौफ़ एक के बाद एक अबैध एवं गैर कानूनी कारोबार की वायरल वीडियो और अबैध धंधों पर अंकुश लगाने में असमर्थ साबित होते थाना प्रभारी निरीक्षक निधौली कलाँ की कार्यप्रणाली से प्रतीत होता हैं । सूत्रों की मानें तो इलाकाई थाना पुलिस से उम्मीद छोड़ चुके स्थानीय लोगों ने कस्बा को अबैध धंधों से मुक्त कराने की आस जनपद के तेजतर्रार नवागत पुलिस मुखिया से लगाते हुये एक के बाद एक सट्टा शराब आदि से सम्बंधित वीडियो शोशल मीडिया में वायरल की हैं । इसी क्रम में पूर्व की भांति एक अन्य सट्टा कारोबार की वीडियो वायरल की हैं

# दिल्ली पहुंचे 14 वर्षीय बालक को उसके परिजनों से मिलाया गया



निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-थाना जलेसर पुलिस द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत परिजनों को बिना बताए, स्वर्ण मंदिर देखने की चाहत के चलते, दिल्ली पहुंचे 14 वर्षीय बालक को उसके परिजनों से मिलाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री राजेश कुमार सिंह के निर्देशन में थाना जलेसर पुलिस द्वारा स्वर्ण मंदिर देखने की चाहत के चलते, परिजनों को बिना बताए घर से निकले 14 वर्षीय बालक को ऑपरेशन मुस्कान के तहत उसके परिजनों से मिलाया गया। घटनाक्रमानुसार दिनांक 17.07.2023 को थाना जलेसर पर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम जैनपुरा में प्रातः 7.30 बजे एक 14 वर्षीय बच्चा घर से साइकिल पर स्कूल पढने के लिये सरस्वती विद्या मंदिर गया था,जो सफेद कलर की शर्ट व ग्रे कलर का पैंट पहने हुए है,एवम कक्षा आठ में पड़ता है, वह कहीं गुम हो गया है। प्रकरण में स्थानीय पुलिस द्वारा तत्काल मौका मुआयना किया गया एवं प्रकरण में बालक के परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर बच्चे की सकुशल बरामदगी हेतु टीम गठित की गई। आज दिनांक 18.07.2023 को थाना जलेसर पुलिस द्वारा बच्चे को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद किया गया है।, बच्चे से पूछने पर उसने बताया कि स्वर्ण मंदिर देखने की चाहत के चलते हैं अमृतसर जाने हेतु अपनी मां के पर्स से ?11000 निकाल कर परिजनों को बिना बताए साइकिल को आगरा चौराहे पर अपनी साइकिल खड़ी कर घर से आगरा कैंट रेलवे स्टेशन चला गया था,और टिकट लेकर ट्रेन में बैठ कर, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंच गया था, इस दौरान उसने 11000 रुपयों में से 800 रुपए खर्च कर दिए है।* प्रकरण में नियमानुसार बचे रुपयों सहित, सकुशल बच्चे को परिजनों के सुपुर्द किया गया है। जलेसर पुलिस द्वारा की गई इस त्वरित, कार्रवाई की आमजन एवं बालक के परिजनों द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा की गई है।


# पूरे ब्रज प्रांत में गौशालाए सही तरीके से चलें तथा शासन से मिलने वाली सभी सुविधाएं गौशालाओं को उपलब्ध कराई जाए

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- विश्व हिन्दू परिषद गौ रक्षा विभाग के नवनियुक्त प्रांत अध्यक्ष अरविन्द सिंह चौहान ने कहाँ कि मेरी पहली प्राथमिकता होगी कि पूरे ब्रज प्रांत में गौशालाए सही तरीके से चलें तथा शासन से मिलने वाली सभी सुविधाएं गौशालाओं को उपलब्ध कराई जाए ताकि गोवंशो की सेवा हो सके कार्यकर्ता भी अपने कार्य को ईमानदारी व लगन के साथ कार्य करते रहें तथा पूरे ब्रज प्रांत में गोवंश को सुरक्षित कराने का कार्य करें तथा शहरों में घूम रहे गोवंशो को गौशालाओं में पहुंचवाए क्योंकि गौ रक्षा माननीय मुख्यमंत्री जी की पहली प्राथमिकता है इसलिए जितने भी गौ रक्षा के हमारे कार्यकर्ता हैं वह पूरे प्रांत में इस कार्य को अंजाम दें तथा प्रशासन की मदद से इस कार्य को करवाएं तथा इस कार्य को करने में यदि कोई बाधा उत्पन्न हो रही हो तो तत्काल मुझे अवगत कराएं। ताकि उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर समस्या का समाधान कराया जा सके। श्री चौहान ने कहा कि पूरे ब्रज प्रांत में कहीं पर भी गोकशी तथा गौ तस्करी की घटनाओं का होना किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा मेरी पूरे ब्रज प्रांत के कार्यकर्ताओं से अपील है कि इस कार्य को पूर्ण रूप से रोका जाए तथा इस कार्य को अंजाम देने वालों पर रासुका तथा एनएसए के तहत कार्यवाही

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने विपक्षी गठबंधन पर कसा तंज, बोले- अपने स्वार्थ के लिए एक मंच पर आए ये लोग




भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी बुधवार को आजमगढ़ पहुंचे। भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं संग बैठक के बाद मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने विपक्ष और उनके गठबंधन पर हमला बोला। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि विपक्ष का गठबंधन सिर्फ चुनावी गठबंधन है। पिछले चुनावों में विपक्ष के गठबंधनों का क्या हाल हुआ था यह सभी जानते हैं। एक मंच पर सभी केवल फोटो सेशन के लिए बैठे थे। इस स्वार्थ के गठबंधन में जनता का कोई हित नहीं है। भूपेंद्र सिंह चौधरी बुधवार को आजमगढ़ स्थित भाजपा कार्यालय के बाहर मीडिया से बात कर हे थे।इस दौरान उन्होंने कहा कि मोदी और भाजपा के साथ जनता का गठबंधन है। पिछली बार की चुनाव की तरह इस बार भी जनता का आशीर्वाद हम लोगों के साथ है। भाजपा सबका साथ सबका विकास और जन कल्याण के मुद्दे पर चुनाव में है। जबकि विपक्षी गठबंधन के पास अपने स्वार्थ के अलावा कुछ भी नहीं है।गठबंधन का धर्म सिर्फ भाजपा ही निभाती है- जनता का ध्यान भटकाने के लिए अपनी सरकारों में तो इन लोगों ने कुछ किया नहीं। आज गठबंधन के नाम पर जनता को गुमराह करना चाहते हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि चुनाव हो या न हो गठबंधन का धर्म सिर्फ भाजपा ही निभाती है। परिवारवाद की पार्टियां सिर्फ अपना स्वार्थ साधने के लिए गठबंधन करती है। यही कारण है कि चुनाव बाद उनके गठबंधन का पता नहीं चलता। अन्य पार्टियों से नेताओं के भाजपा में शामिल होने की बात पर कहा कि जो लोग विकास चाहते है। भाजपा की नीतियों से प्रभावित हैं वह लोग आ रहे हैं।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991
knlslive@gmail.com


# बाढ़ में बह गया जेई, बिजली के गिरे खंभों को उठवाने पहुंचा था टीम के साथ, अधिकारी मौके पर



उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में चिलकाना थानाक्षेत्र में बिजली के गिरे खंभों को ठीक कराने पहुंचा जेई बाढ़ के पानी में बह गया। तलाश कराने पर भी जेई का कोई सुराग नहीं लगा। जेई प्रमोद कुमार लखनऊ निवासी थे।सहारनपुर जनपद में बुधवार को एक बड़ा हादसा हो गया। चिलकाना थानाक्षेत्र में यमुना नदी में बाढ़ में बह गए बिजली के खंभों को ठीक कराने पहुंचे विद्युत उपगृह केंद्र सलेमपुर के जेई प्रमोद कुमार पानी के तेज बहाव में बह गए। जिलाधिकारी सहित बिजली विभाग के सभी अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।जानकारी के अनुसार पठेड़ बिजली घर से संबंधित गांव सोंधेबास तथा गाजदीनपुर में बिजली चिलकाना क्षेत्र से पहुंचती है। पिछले सप्ताह यमुना में आई बाढ़ से नदी में खड़े पांच खंभे गिर गए थे। एक सप्ताह से यमुनापार के दोनों गांव में विद्युत आपूर्ति बंद थी। विद्युत आपूर्ति सुचारू करने के लिए सलेमपुर बिजलीघर से संबंधित अवर अभियंता प्रमोद कुमार विभागीय टीम के साथ नदी में पहुंचे थे।नदी में गिर गए खंभों को ठीक कराते समय अवर अभियंता नदी के पानी में चले गए। उसी समय तेज बहाव के चलते अवर अभियंता नदी में बह गए। नदी में कार्य कर रहे विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने शोर मचाया और आसपास के लोगों को एकत्र किया। कर्मचारियों ने जिले के विभागीय अधिकारियों को सूचना दी।सूचना मिलते ही विद्युत विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच गए।

जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द भी जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ गांव टोडरपुर पहुंच गए हैं। नदी का बहाव टोडरपुर की तरफ होने के कारण जेई को यहां पर तलाश किया जा रहा है। एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया है। अभी तक जेई का कोई पता नहीं चल पाया है। जेई प्रमोद कुमार मूलरूप से लखनऊ के निवासी थे। उनके दो बच्चे हैं। बडी लडकी कक्षा10 में पढ रही है। छोटा लडका कक्षा छः में पढ रहा है। दो वर्ष पहले ही वह सलेमपुर बिजली घर नियक्त हुए थे।जेई प्रमोद कुमार मूलरूप से लखनऊ के निवासी थे। उनके दो बच्चे हैं। बड़ी बेटी कक्षा10 में पढ़ रही है जबक छोटा बेटा कक्षा छह में पढ़ रहा है। दो साल पहले ही वह सलेमपुर बिजली घर नियक्त हुए थे। वहीं जेई के बाढ़ के पानी में बहने की सूचना पर सांसद प्रदीप चौधरी, विधायक मुकेश चौधरी, जिला अधिकारी डॉ दिनेश चंद्र भी मौके पर पहुंचे। अधिकारी भी मौके पर मौजूद हैं। जेई की तलाश कराई जा रही है। परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

# युवक ने चापड़ मारकर मां-बहन की हत्या की, पिता मरणासन्न, खुद को भी जिंदा जलाने का प्रयास



शहर के करेली इलाके में बेटे ने मां-बहन और पिता पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद बेटे ने खुद को घर में बंद कर जिंदा जलाने की कोशिश की। इससे मुहल्ले में हड़कंप मच गया। मौके पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंच गई।शहर के करेली इलाके में बेटे ने मां-बहन और पिता पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद बेटे ने खुद को घर में बंद कर जिंदा जलाने की कोशिश की। इससे मुहल्ले में हड़कंप मच गया। मौके पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंच गई। आग बुझाकर युवक को किसी तरह से काबू में किया गया। घायल दंपती और बेटी को उपचार के लिए एसआरएन अस्पताल भेजा गया। जहां मां और बेटी की मौत हो गई। पिता की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। करेली में एक युवक ने मां अनीसा बेगम ( 55 ) और पिता मो कादिर ( 60 ) और बहन आफरीन ( 30 ) पर चापड़ से हमला कर दिया। तीनों को एसआरएन अस्पताल ले जाया गया। जहां माता की मौके पर मौत हो गई, जबकि पिता का इलाज चल रहा है। हमले के बाद युवक ने खुद को जिंदा जलाने के लिए घर में आग लगा ली। घर में परिवार के अन्य लोग भी मौजूद थे। परिजनों की चीख पुकार सुनकर मुहल्ले के लोग जमा हो गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने किसी तरह घर में घुसकर युवक को काबू में किया। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया।

# सीपी इंटरनेशनल स्कूल में स्टूडेंट्स काउंसिल का गठन नंदिनी गुप्ता हेड गर्ल व उदित प्रधान हेड बॉय बने



हारून बख्श
क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद- फर्रुखाबाद विद्यार्थियों में अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता के विकास हेतु सी पी इंटरनेशनल स्कूल में स्टूडेंट्स काउंसिल का गठन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की उप निदेशिका श्रीमती अंजू राजे ने ध्वजारोहण करके किया कार्यक्रम के दौरान छात्रों को पद वितरित किए गए और हेड बॉय एवं हेड गर्ल का छात्रों द्वारा चुनाव कराया गया जिसमें नंदिनी गुप्ता को हेड गर्ल और उदित प्रधान को हेड बॉय बन गए।प्रांतिक राजपूत चैरिटी हाउस कैप्टन प्रिया यादव चैरिटी हाउस प्रीफेक्ट सीरत जेहरा जॉय हाउस कैप्टन आयुष वर्मा जॉय हाउस प्रीफेक्ट प्रकृति पीस हाउस कैप्टन प्रिंस हाउस प्रीफेक्ट उन्नति सफलता होप हाउस कैप्टन संकित यादव होप हाउस प्रीफेक्ट रिद्धिमा सारस्वत विदिशा सिंह डिसिप्लिन सेक्रेटरी शगुन वर्मा याशिका जैन आर्ट क्लब सेक्रेटरी आदित्य मिश्रा समीर खान स्पोर्ट्स क्लब सेक्रेटरी आदित्य द्विवेदी दीक्षा यादव इको क्लब सेक्रेटरी रितेश डवानी निष्ठा शुक्ला साइंस क्लब सेक्रेटरी मिहिरकुल संघमित्रा आशुतोष पटेल आईटी क्लब सेक्रेटरी पारुल तुलवानी वर्णिता प्रधान लिटरेरी सेक्रेटरी इसके अलावा 15 बच्चों को स्कूल प्रीफेक्ट बनाया गया लगभग 50 मॉनिटर्स बनाए गए उप निर्देशिका श्रीमती अंजू राजे ने बताया कि यह बच्चे भविष्य में अपनी जिम्मेदारियों के प्रति हमेशा सजग रहेंगे और अपने कर्तव्य पथ से विचलित नहीं होंगे प्रधानाचार्य डॉ विनोदचंद्र शर्मा ने बताया कि छात्रों को समय रहते ही जिम्मेदारियों का अहसास करा देना उनके अंदर एक नई तकनीक भर देने जैसा है इससे छात्रों में कर्तव्यनिष्ठा मैनेजमेंट अनुशासन आदि प्रतिभा निखर कर आती हैं यह जानकारी कालेज के मीडिया प्रभारी श्रवण कुमार मिश्रा ने दी

# सतीश अध्यक्ष, हृदयेश मंत्री और राजीव बने कोषाध्यक्ष

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली-शिक्षकों के हितों हेतु मजबूत संगठन की आवश्यकता-नरेश गंगवार चुनाव से ही मजबूत संगठन बन सकता है इसकी मुहिम में जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार ने जनपद में बिगुल बजा दी है, अब हर ब्लाक में होंगे चुनाव-के0 सी0 पटेल ।उत्तर प्रदेश प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का चुनाव जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार के निर्देश उपस्थिति में आलम पुर ब्लाक का चुनाव आदर्श इंटर कॉलेज के परिसर में हुआ, चुनाव के पर्यवेक्षक प्रसून गंगवार और अनिल गंगवार थे,चुनाव कार्य क्रम सभा का संचालन राजीव लोचन शर्मा ने किया, पूर्व घोषित कार्यक्रम बुधवार को ब्लाक का चुनाव सैकड़ों शिक्षकों की मौजूदगी में हुआ, जिसमें अध्यक्ष पद पर एक नामांकन सतीश शर्मा, मंत्री पद पर एक नामांकन हृदयेश चौहान और कोषाध्यक्ष पद पर एक नामांकन राजीव शर्मा ने कराया, अध्यक्ष मंत्री और कोषाध्यक्ष पद पर अन्य नामांकन न होने पर जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार ने सतीश शर्मा को अध्यक्ष, हृदयेश चौहान को मंत्री और कोषाध्यक्ष पद पर राजीव शर्मा के नाम की घोषणा की,



घोषणा करते हुए नरेश गंगवार ने कहा कि हमारा मकसद शिक्षकों के हितों की रक्षा करना है, इसके हम और हमारा संगठन हर वक़्त संघर्ष को तत्पर रहता है, बुधवार को आलमपुर में एक मजबूत संगठन अब सतीश शर्मा के नेतृत्व में तैयार हुआ है। इनका कार्य शिक्षकों के कार्य कराएं और आने वाली समस्याओं का निस्तारण करें। मौजूद सभी का धन्यवाद दिया। मांडलिक मंत्री के0 सी 0पटेल ने कहा कि जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार के नेतृत्व में जिले में संगठन की मजबूती के लिए कराए जा रहे आम चुनावों में जिले के सभी शिक्षक भाग लें। अपने संगठन को पुनः बुलंदियों तक ले जाए, और ईमानदार शिक्षक प्रतिनिधि का चुनाव करें, साथ ही दिल्ली में होने वाले 10 अगस्त 2023 को पुरानी पेंशन की मांग के लिए धरना प्रदर्शन में बढ़चढ़ प्रतिभाग करें, और बरेली में 1 अगस्त को आने वाली पुरानी पेंशन रथ यात्रा के स्वागत के लिए भी तैयार रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश मिश्रा जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने की और सभी का स्वागत किया इस सभा को अरविंद चौहान, आशीष शर्मा, मनोज गंगवार, पुष्प राज गंगवार, ललित गंगवार, प्रेम पाल गंगवार, तपन सिंह मौर्य, हरीश गंगवार, प्रसून गंगवार ने संबोधित किया, इस अवसर पर अंशु गंगवार, आकाश बाबू, अनवर हसनैन, शिवम, इरशाद, राजीव, मुरारी लाल, उमेश, राजेश्वरी, आदि मौजूद रहे।

# मोदी राठौर युवा सेना ज़िला महामंत्री बने एडवोकेट भगवतसरन साहू




क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा।नगर पंचायत रिठौरा के वरिष्ठ अधिवक्ता भगवत सरन साहू को मोदी राठौर युवा सेना का ज़िला महामंत्री पद पर मनोनीत किया गया है। जिलाध्यक्ष धीरज साहू ने उन्हें मनोनयन पत्र सौंपा।तथा देश,काल एवं समाज को एकजुट करने तथा देश के विरोध में इक्कठा हो रहीं। ताकतों को रोकने के लिए निरन्तर सामजसेवा करने का आह्वान किया। एडवोकेट श्री साहू के ज़िला महामंत्री बनने पर पूर्व चेयरमैन अशोक कुमार गुप्ता, अंजनी गुप्ता, दीपचंद साहू,मेघनाथ साहू,गौरव,सौरभ साहू,विजय साहू, गोपाल गुप्ता,शेर सिंह यादव आदि ने खुशी व्यक्त की है।

# बेसिक की शिक्षिका राखी गंगवार ने सिखाया स्वच्छता का सबक




क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली-किशोरियों और महिलाओं को बांटती हैं मुफ्त सेनेटरी पैड भदपुरा प्राथमिक विद्यालय बौरिया की शिक्षिका राखी गंगवार ने हर माह की तरह इस माह भी सभी किशोरियों और महिलाओं को बुलाकर पैड वितरित किए,साथ ही मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। राखी चाहती हैं कि उनकी मुहिम हमारी किशोरी हमारी शक्ति पैड बैंक से पूरे गांव की महिलाएं और बेटियां लाभान्वित हो। राखी का कहना है कि जिस गांव में तैनात हूं वहां की सभी महिलाएं और बेटियां स्वस्थ रहें, इसके लिए वह हर माह अपने निजी खर्च से पैड वितरित करती हैं, जरूरत पड़ने पर डॉक्टर से महिलाओं की काउंसलिंग भी करवाती हैं, शिक्षिका का मानना है कि जब तक मुझसे बन पड़ेगा मैं ये प्रयास जारी रखूंगी, साथ ही वो चाहती हैं कि एक पैड बैंक सब स्कूल और कॉलेज, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन हर जगह होना चाहिए, जिससे महिलाओं को कोई दिक्कत न हो।

# बाहर सो रहे थे चाचा, लेकिन सुबह पिता के पहुंचने पर हुई हत्या की जानकारी

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-आटा-चक्की पर सो रहे युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। बाहर सो रहे चाचा को जानकारी तक नहीं हुई। सुबह पिता चक्की पर पहुंचे तो बेटे का शव पड़ा मिला। शुरूआत में पुलिस ने सिर में चोट होना बताया। पोस्टमार्टम के दौरान गोली की आशंका पर एक्सरे कराया गया। ताऊ



ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना बागवाला के गांव बेरी जलालपुर निवासी खुशीराम (22) पुत्र अतर सिंह घर से 200 मीटर दूर सड़क किनारे आटा चक्की में सोता था और पूरा परिवार घर पर सोता था। वर्तमान में चक्की नहीं चल रही थी। पोस्टमार्टम गृह पहुंचे घरवालों ने बताया कि मृतक के चाचा हंसराज दिव्यांग है और दिमाग से थोड़ा कमजोर है। सोमवार रात को वह भी चक्की के बाहर सो रहे थे। मंगलवार सुबह पिता अतर सिंह चक्की पर पहुंचे तो खुशीराम का शव चक्की के पास पड़ा मिला। जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रिपोर्ट मृतक के ताऊ हरविलास ने अज्ञात हमलावरों के विरूद्ध दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि अज्ञात हमलावरों ने भतीजे खुशीराम की हत्या कर दी है।



# एटा पुलिस काऑपरेशन दृष्टि अभियान

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री राजेश कुमार सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री धनंजय सिंह कुशवाहा द्वारा ऑपरेशन दृष्टि अभियान के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस लाइन सम्मेलन कक्ष में जनपद के सभी पैट्रोल पम्प मालिकों के साथ गोष्ठी कर समस्या एवं सुझावों का आदान प्रदान करते हुए, पम्प मालिकों को उनकी सुरक्षा के प्रति किया गया आश्वस्त। साथ ही सभी पम्प मालिकों से पैट्रोल पम्प पर अच्छी गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे लगाने का किया गया अनुरोध।

# मूल्यांकन सूची लागू किए जाने के संबंध में आपत्ति 25 तक प्रस्तुत करें

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/जिला निबन्धक ने सर्व साधारण को सूचित किया है कि शासन के निर्देश के अनुपालन में आगामी 01 अगस्त, 2023 से वार्षिक रूप से मूल्यांकन सूची को पुनरीक्षित किया जाना है। प्रस्तावित मूल्यांकन सूची सम्बन्धित तहसील मे उप जिलाधिकारी व उपनिबन्धक कार्यालय में अवलोकनार्थ हेतु उपलब्ध है। तत्क्रम में सभी जनता जर्नादन, जनपद प्रतिनिधि, वसीका नवीस व अधिवक्तागण आदि जनहित



में उक्त मूल्यांकन सूची के लागू किये जाने के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति 25 जुलाई तक सम्बन्धित तहसील में उप जिलाधिकारी, उपनिबन्धक और जिला स्तर पर जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) व सहायक महानिरीक्षक निबन्धन के समक्ष किसी भी कार्यदिवस में प्रस्तुत कर सकते हैं।

# समस्त छुटे हुये बी.पी.एल. एवं ए.पी.एल. राशन कार्डधारी परिवारों को मिलेगा मुफ्त इलाज

**27 से 31 जुलाई तक शहर और प्रत्येक गांव में बनाया जायेगा आयुष्मान कार्ड**

रामचंद्र जायसवाल
क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. एस. सिंह के मार्गदर्शन में शासन के महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत जिले में 27 जुलाई 31 जुलाई तक विशेष अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शिविर आयोजन कर जिले के समस्त विभाग द्वारा आयोजित विशेष अभियान जिले के समस्त आयुष्मान मित्रों, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर (ष्टा।ह्,स्) रोजगार सहायक, सचिवों, आर.एच.ओ., द्वितीय ए.एन.एम., एन.आर.एल.एम. बैंक सखी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिनों एवं च्वाईस सेंटरों द्वारा छुटे हुए समस्त हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड गाँव के पंचायत भवन, नगर पंचायत अथवा स्वास्थ्य केन्द्रों में निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाया जायेगा। आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए ग्रांव में सरपंच, सचिव, मितानिन एवं शहरी क्षेत्र के नगर पंचायत पार्षद व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से संपर्क कर आयुष्मान कार्ड की जानकारी ले सकते है। नजदिकी च्वाइस सेंटर अथवा अस्पताल में जाकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है। आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु आवश्यक दस्तावेज हितग्राहियों आधार कार्ड अथवा राशन कार्ड होना अनिवार्य है। विशेष अभियान अंतर्गत जिले के पात्र ए.पी.एल. परिवार जैसे-शासकीय सेवा में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारियों एवं अन्य सर्विस में कार्यरत लोगों का भी आयुष्मान कार्ड बनाया जायेगा। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत पात्र ए.पी.एल. परिवारों को 50 हजार तक मुफ्त इलाज की सुविधा दी जाती है, एवं बी.पी.एल. राशन कार्ड अंतर्गत समस्त पात्र परिवारों को 5 लाख तक की स्वास्थ्य सुविधा का लाभ दिया जाता है। कलेक्टर द्वारा जिले के समस्त आयुष्मान कार्ड से वंचित हितग्राहियों से अपिल की गई है, कि अपना आयुष्मान कार्ड बनवाये एवं प्रशासन की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठायें।

सुपर जोइनिंग वीक
उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब का तेजी से बढता आपका अपना
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच & KNLS Live
आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से
रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की
12 पेज का फुल अखबार
एक बार कॉल अवश्य करे
9027776991
प्रसारित क्षेत्र - उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब बाकि राज्यों से जल्द प्रसारित

# पुरुषोत्तम मास की पुनरावृति के शुभ अवसर पर मोहल्ला बक्सरिया शिव मँदिर पर ज्ञान योग सप्ताह शिव पुराण का शुभारंभ किया गया

शेर सिंह -क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली-फरीदपुर। उन्नीस बर्ष के पश्चात श्रावन मास में पुरुषोत्तम मास की पुनरावृति के शुभ अवसर पर मोहल्ला बक्सरिया शिव मँदिर पर ज्ञान योग सप्ताह शिव पुराण का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बक्सरिया शिव मँदिर पर प्रथम दिवस भक्तों को संबोधित करते हुए कथा व्यास पंडित केशव शरण ने कहा सावन मास में ये माह बहुत उत्तम है और इस माह में भगवान् शिव का पूजन करना पुन्य का काम है। इस संसार में सर्वप्रथम भगवान शिव पहले आये है इसलिए उनका पूजन सर्व पृथम करना चाहिए। साध्य शिव भगवान् महादेव हो और प्राप्त करने का साध्य शुभ हो और तीसरा साधक जो शुभ साधन से शुभ साध्य भगवान् महादेव को प्राप्त करे। इससे पूर्व कलश यात्रा का आयोजन किया गया । कलश यात्रा नगर में मोहल्ला बकासरिया से एस डी एम कॉलोनी शिव मँदिर से होते ब्लॉक शिव मँदिर से भारत माता मँदिर से तिपेडा मँदिर होते हुए बक्सरीया शिव मँदिर पर समापन हुआ। कलश यात्रा में काफी संख्या में नगर की महिलाओं ने भाग लिया । इस अवसर पर निर्दोष चौहान,भाजपा पूर्व जिला महामंत्री अनिल प्रताप सिंह राणा, रणवीर सिंह, संजीव सिंह संजू, उदय वीर सिंह,यशपाल सिंह, जितेंद्र चौहान एडवोकेट, गौरव सिंह चौहान, आनंद शर्मा, अचल शर्मा, अखंड प्रताप सिंह, वैभव सिंह, अक्षय प्रताप , श्रेष्ठ प्रताप,धुर्व गुप्ताएवं लैसियम स्कूल के डायरेक्टर धर्मेंद्र चौहान आदि मौजूद रहे।

# जान को खतरे में डालने वाले धर्मकांटा मालिक को पुलिस ने सिखाया सबक दर्ज कराई रिपोर्ट

हारून बख्श
क्यूँ न लिखूँ सच




फर्रुखाबाद- फर्रुखाबाद सड़क पर जाम लगवा कर जान को खतरे में डालने वाले धर्म कांटा मालिक को चौकी इंचार्ज ने रिपोर्ट दर्ज करा कर सबक सिखाया है थाना मऊदरवाजा के ग्राम नगला खैरबंद स्थित बाईपास सड़क के किनारे अमानक धर्म कांटा लगा है वाहन धर्म कांटा पर तौल कराने के लिए अंदर जाता है और तौल करा कर वाहन को बैक करना पड़ता है जिसके कारण एक वाहन की तौल में कई गुना अधिक समय लगता है और बाईपास पर जाम लग जाता है इस धर्म कांटे पर तौल कराने के लिए सैकड़ों मक्का से भरे ट्रक एवं ट्रैक्टर की लंबी लाइन कई घंटों तक लगी रहती है रेलवे की रैक आने के इंतजार में कभी कभी ये वाहन 24 घंटे तक खड़े रहते हैं बीते दिन शाम 5 बजे कंट्रोल रूम से चौकी पुलिस को सूचना दी गई धर्म कांटे के पास काफी लंबा जाम लगा हुआ है जिसमें एंबुलेंस भी फंसी है इसी सूचना पर मेडिकल चौकी इंचार्ज जितेंद्र पटेल सिपाही रोहित कुमार के साथ तुरंत ही मौके पर पहुंचे पुलिस ने देखा कि जय भारत धर्म कांटा के पास रोड के दोनों तरफ सैकड़ों की संख्या में ट्रक व ट्रैक्टर धर्म कांटा पर तौल कराने हेतु आगे तिरछे तरीके से खड़े थे काफी लंबा जाम लगा था जिससे राहगीरों के काफी संख्या में वाहन व एंबुलेंस खड़ी थी एंबुलेंस में मरीज गंभीर अवस्था में था एंबुलेंस चालक द्वारा लगातार हूटर बजाया जा रहा था किंतु धर्म कांटा के स्वामी सूरज सिंह द्वारा न तो स्वयं और न ही मौजूद अपने कर्मचारियों द्वारा जाम को खुलवाने का प्रयास किया गया जिससे जाम की स्थिति और भी भयानक हो गई एंबुलेंस में मौजूद मरीज का जीवन संकट में पड़ गया पुलिस ने काफी प्रयास करके जाम खुलवाया चौकी इंचार्ज जितेंद्र पटेल ने थाना जहानगंज के ग्राम वाहिदपुर निवासी धर्म कांटा मालिक सूरज सिंह पुत्र सुरेश सिंह के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई चौकी इंचार्ज ने सड़क पर जाम न लगने देने के संबंध में 7 जुलाई को धर्म कांटा मालिक को लिखित नोटिस दिया था कई बार मौखिक रूप से भी कहा था कि सड़क पर जाम नहीं लगना चाहिए लेकिन धर्म कांटा मालिक ने पुलिस की राय अनसुनी कर दी बीते दिनों अफरातफरी के माहौल में 30 टन मक्का से भरा ट्रक बाईपास के किनारे तालाब में गिर गया था इस ट्रक को निकालने के दौरान कई घंटे बाईपास का यातायात ठप रहा था फुटपाथ पर लगा अबैध धर्मकाटा- मालूम हो कि इसी धर्म कांटा के निकट ग्राम कुइयांबूट में सड़क के फुटपाथ पर अमानक धर्म कांटा लगा है धर्म काटा की नीचे सहयोगी प्रधान ने नाले का निर्माण कराया है इस धर्म कांटे पर भी एफसीआई के गेहूं की तौल कराने के लिए सैकड़ों ट्रक व ट्रैक्टरों का जाम लगता है

# जन समस्याओं को दूर कराने के लिए सभासद ने प्रशासन से तवज्जो देने की फरियाद की

हारून बख्श
क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद- फर्रुखाबाद सभासद एसोसिएशन ने अतिरिक्त उप जिलाधिकारी संजय सिंह को ज्ञापन देकर जन समस्याओं को दूर करने में तवज्जो देने की मांग की है एसोसिएशन के राष्ट्रीय मंत्री सभासद अतुल शंकर दुबे के नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन दिया गया सभासदों का कहना है कि हम लोगों का वार्ड के सभी परिवारों से जुड़ाव है वार्ड के बाशिंदे अपनी समस्याओं को दूर करवाने के लिए सभासद से काफी अपेक्षाएं रखते हैं लेकिन वांछित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीयों के द्वारा सभासदों के निर्देशों व फरियादों पर भी जन समस्याओं के निस्तारण में ढुलमुल व परेशान करने वाला रवैया अपनाया जाता है एसोसिएशन ने प्रशासन से मांग की है कि दक्षिण णांचल विद्युत कर्मचारियों को निर्देशित किया जाए कि वह सभी सभासदों के फोन नंबर फीडकर लाइन फॉल्ट आदि की समस्याओं का निस्तारण करें जिला पूर्ति अधिकारी से मांग की गई की वह नेट पर पढ़े राशन कार्ड व यूनिट बडवाने के लंबित मामलों का शीध्र निस्तारण कराएं सभासद ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर उंगली उठाते हुए कहा है कि छोटी घटनाओं की 112 नंबर पर शिकायत करने पर पुलिस 15 को को घंटो थाने में बैठाती है इसी दौरान सभासद दोनों पक्षों में समझौता करवा देते हैं लेकिन पुलिस सभासद की कोशिश को नजरअंदाज कर मनमाने ढंग से कार्य करती है जबकि सभासद सदैव पुलिस का करते हैं ज्ञापन देते समय सभासद अतुल शंकर दुबे के अलावा शशांक शेखर दुर्गेश कनौजिया संत कुमार बाथम विश्वनाथ राजपूत आदि सभासद मौजूद रहे


# शादी के 1 माह बाद ही प्रेमी निकला प्रेमिका का दुश्मन मौत दहेज हत्या ससुराली शव छोड़कर भागे

लवकुश ठाकुर-क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ महानगर के रोरावर क्षेत्र की जौनी वाली गली में निकाह के एक माह बाद विवाहिता की मौत पर मायके पक्ष ने दहेज हत्या का आरोप मढ़ दिया। इस आरोप के बाद ससुराली शव छोडक़र भाग गए। शव लेकर मोहल्ले में पहुंचे मायके पक्ष ने शव नीवरी मोड़ पर रखकर जाम लगा दिया। करीब आधा घंटे तक जाम व हंगामे के बाद पुलिस ने समझाकर जाम खुलवाया। मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।इलाके के अक्सरा मस्जिद वाली गली निवासी सगीर के अनुसार उनकी बेटी महक पहले से विवाहित थी। इसी दौरान इलाके के अरमान से उसके प्रेम संबंध हो गए और उसने अपने पति को छोड़ दिया। इसके बाद इसी 12 जून को अरमान संग उसका निकाह किया गया। पिता का आरोप है कि निकाह में दान दहेज दिए जाने के बाद भी ससुराली एक लाख रुपये मांग रहे थे। इसके चलते उसका उत्पीडऩ किया गया। उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। चार दिन पहले एक लाख रुपये दिए जाने के बाद दोनों में सुलह हो गई और महक 13 जुलाई को मायके से ससुराल पहुंच गई। आरोप है कि रात ससुरालियों ने मारपीट कर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद ससुराली भाग गए। खबर पर मायका पक्ष व पुलिस आ गई और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शव जब मायके पक्ष के लोग घर ले जा रहे थे। तभी उन्होंने नीवरी मोड़ पर शव रखकर जाम लगा दिया। हंगामे व जाम की सूचना पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने जैसे तैसे समझाकर लोगों को शांत किया और जाम खुलावाया। इसके बाद शव अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया। इस दौरान पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति

# डॉ. गुरमीत कौर के कुशल नेतृत्व में बाल रोग विभाग ने आईएपी- बेसिक लाइफ सपोर्ट ( बीएलएस ) पर एक दिवसीय पाठ्यक्रम का आयोजन किया

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच



लुधियाना - क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज और अस्पताल लुधियाना की प्रोफेसर और प्रमुख डॉ. गुरमीत कौर के कुशल नेतृत्व में बाल रोग विभाग ने आईएपी- बेसिक लाइफ सपोर्ट ( बीएलएस ) पर एक दिवसीय पाठ्यक्रम का आयोजन किया था। पंजाब मेडिकल काउंसिल के तत्वावधान में इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के सहयोग से नर्सों और पैरामेडिक्स के लिए शहर भर से नर्सों ने भाग लिया । उन्हें सभी आयु समूहों के कार्डियक अरेस्ट के शिकार लोगों को व्यक्तिगत रूप से पुनर्जीवित करने के तरीके के बारे में प्रशिक्षित किया गया था। एक टीम सेटिंग में इस पाठ्यक्रम ने उन्हें अचानक कार्डियक अरेस्ट जैसी आपात स्थितियों को पहचानने और उन पर प्रतिक्रिया करने का तरीका जानने का कौशल भी सिखाया। आईसीएमआर द्वारा दिए गए आंकड़ों के मुताबिक, दो फीसदी से भी कम भारतीय आबादी कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन ( सीपीआर ) के बारे में जानती है। देश में प्रति वर्ष प्रति 1 लाख की आबादी पर लगभग 4,280 लोगों को कार्डियक अरेस्ट हो रहा है। हर मिनट 112 लोग कार्डियक अरेस्ट का शिकार हो रहे हैं। हमारे पास एक मजबूत आपातकालीन चिकित्सा प्रणाली नहीं है और एम्बुलेंस पहले तीन मिनट में नहीं पहुंच सकती, जब सीपीआर जीवन रक्षक हो सकता है। सीएमसीएल के निदेशक डॉ. विलियम भट्टी ने मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्षता की।

पाठ्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ निदेशक, पाठ्यक्रम निदेशक डॉ. गुरमीत कौर और प्रतिष्ठित प्रशिक्षक डॉ. हरमेश सिंह बैंस, विभागाध्यक्ष, पीआईएमएस, जालंधर; डॉ. हरिंदर सिंह, वरिष्ठ सलाहकार, लुधियाना; सेंट्रल आईएपी के कार्यकारी बोर्ड सदस्य डॉ. शिव गुप्ता; डॉ. वरुघीस पीवी, प्रोफेसर और डीआरएम सुमति वर्मा, बाल रोग विभाग, सीएमसी में संकाय। एपी सीपीआर प्रशिक्षण केंद्र के रूप में भारतीय बाल चिकित्सा अकादमी से मान्यता प्राप्त करने के बाद नर्सों के लिए आयोजित यह पहला पाठ्यक्रम है। बाल रोग विभाग ने डॉ.गुरमीत कौर के कुशल नेतृत्व में स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों के लिए 2 पाठ्यक्रम और दंत चिकित्सा संकाय के लिए 1 पाठ्यक्रम आयोजित किया है। डॉ. प्रोफ़ेसर गुरमीत कौर, विभागाध्यक्ष ( बाल रोग ) ने कहा कि एक भारतीय अध्ययन के अनुसार, अस्पताल से बाहर होने वाले लगभग 70 प्रतिशत कार्डियक अरेस्ट घर पर ही होते हैं और अस्पताल से बाहर कार्डियक अरेस्ट से पीड़ित 90 प्रतिशत लोगों की मृत्यु हो जाती है। यदि कार्डियक अरेस्ट के 3 मिनट के भीतर सीपीआर शुरू कर दिया जाए और 06 मिनट के भीतर डिफिब्रिलेशन प्रदान किया जाए, तो व्यक्ति के बचने की 40त्न संभावना होती है। इसलिए, सीपीआर पर व्यापक सामुदायिक जागरूकता और शिक्षा, सामुदायिक भागीदारी, एईडी की व्यापक नियुक्ति, चिकित्सा कर्मियों का प्रशिक्षण, आपातकालीन परिवहन को बढ़ाना और उन्नत देखभाल सुविधाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# जिला अध्यक्ष/चेयरमैन शरण पाल सिंह मक्कड़ ने एक नूर नेकी दा अस्पताल का दौरा किया

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच



लुधियाना - जिला अध्यक्ष लुधियाना/चेयरमैन जिला वित्त एवं योजना समिति शरण पाल सिंह मक्कड़ ने गांव आलमगीर में एक नूर नेकी दा अस्पताल का दौरा किया। इस अवसर पर एक नूर संस्था से जुड़े आम आदमी पार्टी ट्रेड विंग जू.सचिव डॉ. सुखविंदर सिंह ने चेयरमैन मक्कड़ को एक नूर नेकी दा द्वारा संचालित संस्थाओं के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की। डॉ. साहब ने कहा कि एक नूर एक नूर नेकी अस्पताल, एक नूर नेकी रसोई, एक नूर नेकी दुकान और एक नूर नेकी स्कूल चला रहा है। उन्होंने आगे कहा कि एक नूर की सभी संस्थाएं लोगों के कल्याण के लिए काम कर रही हैं । एक नूर नेकी अस्पताल में मोतियाबिंद का ऑपरेशन मात्र पच्चीस सौ में, टूटी हड्डी का ऑपरेशन पंद्रह से बीस हजार में, लैबोरेट्री टेस्ट बाजार रेट से 70-80त्न कम रेट पर प्रयोगशाला परीक्षण, लागत मूल्य पर दवा वितरण और उत्तर भारत में सबसे अच्छा डायलिसिस केवल साढ़े चार सौ में किया जाता है। एक नूर नेकी की रसोई के माध्यम से बुजुर्गों को उनके घर तक मुफ्त भोजन पहुंचाया जाता है। जनता से घरेलू सामान एकत्र करके, एक नूर नेकी दुकान में जरूरतमंदों को मुफ्त में कपड़े वितरित किए जाते हैं और एक नूर नेकी स्कूल में मानसिक रूप से विकलांग बच्चों को मुफ्त में शिक्षा दी जाती है।

डॉ. सुखविंदर सिंह ने एक नूर नेकी द्वारा चलाये जा रहे संगठनों के बारे में बहुत ही स्पष्टता से बताया । सभी संस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने के बाद अध्यक्ष शरण पाल सिंह मक्कड़ ने एक नूर नेकी द्वारा चलाई जा रही संस्थाओं के कार्यों की सराहना की और ईश्वर से प्रार्थना की कि वे इस संस्था से जुड़े सभी लोगों को इसी प्रकार जन कल्याण के लिए आशीर्वाद प्रदान करें। इस अवसर पर एक नूर नेकी की ओर से अमरजीत सिंह, सूरज, उपल, भवप्रीत सिंह भी उपस्थित थे।




# बाढ़ के पानी की निकासी के बाद भी लोगों की परेशानियां खत्म होने का नाम नहीं ले रही - गरचा

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच



लुधियाना - पंजाब में बाढ़ प्रभावित इलाकों में पानी निकलने के बाद फैली गंदगी व गार के कारण लोग बीमार होने लगे हैं जिनमें बच्चे, बड़े भी शामिल हैं। शहरों व गांवों में जलस्तर कम होने के बाद अब लोगों को बुखार और चमड़ी रोग होने लगा है। शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता सुखविंदरपाल सिंह गरचा ने कहा की बाढ़ के पानी की निकासी के बाद भी लोगों की परेशानियां खत्म होने का नाम नहीं ले रही है, जहां लोगों की बाढ़ के बाद आर्थिक स्थिति खराब हो गई है वहीं अब सरकार द्वारा कोई राहत तक का ऐलान नहीं किया गया है।

# अकाई अस्पताल यूरोलॉजिकल कैंसर पर मध्यावधि सीएमई और कार्यशाला की मेजबानी करेगा

सत पाल सोनी-क्यूँ न लिखूँ सच

लुधियाना - यूरोलॉजिकल देखभाल को आगे बढ़ाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम अकाई अस्पताल को यूरोलॉजिकल कैंसर पर अपनी आगामी मिड टर्म सीएमई और कार्यशाला की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है, जो 22 और 23 जुलाई, 2023 को लुधियाना के प्रतिष्ठित निर्वाण क्लब में होने वाली है। यह आयोजन मूत्रविज्ञान के क्षेत्र में ज्ञान, विशेषज्ञता और प्रगति को साझा करने के लिए एक अभूतपूर्व मंच होने का वादा करता है। विशिष्ट अतिथि सूची में पंजाब सरकार के सम्मानित स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह शामिल हैं, जो इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। सम्मान को बढ़ाते हुए, बीएफयूएचएस के कुलपति डॉ. राजीव सूद, चिकित्सा समुदाय में इस सम्मेलन के महत्व का समर्थन करते हुए सम्मानित अतिथि के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ाएंगे। इस सम्मेलन की विशिष्टता पर प्रकाश डालते हुए, अकाई अस्पताल 8 रोगियों के लाइव ऑपरेशन प्रस्तुत करेगा, अत्याधुनिक सर्जिकल तकनीकों और मूत्रविज्ञान के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकी प्रगति का प्रदर्शन करेगा। ये लाइव ऑपरेशन प्रख्यात मूत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा किए जाएंगे, जो लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से निर्वाण क्लब में सम्मेलन में भाग लेने वाले लगभग 300 मूत्र रोग विशेषज्ञों का ध्यान आकर्षित करेंगे। यह गतिशील दृष्टिकोण सीखने और सहयोग के माहौल को बढ़ावा देगा, उपस्थित मूत्र रोग विशेषज्ञों को उनके कौशल और ज्ञान को बढ़ाने के लिए अमूल्य अंतर्दृष्टि के साथ सशक्त बनाएगा। अकाई अस्पताल के मुख्य मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. बलदेव सिंह औलख ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, हम मूत्र रोग विशेषज्ञों के ऐसे विविध और निपुण समूह को एक साथ लाने और मूत्र संबंधी देखभाल में अपनी विशेषज्ञता का प्रदर्शन करने के लिए रोमांचित हैं। यह सम्मेलन हमारी प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। मूत्रविज्ञान के क्षेत्र को आगे बढ़ाने और सर्वोत्तम रोगी देखभाल प्रदान करने के लिए। यह महत्वपूर्ण घटना पंजाब और उसके बाहर मूत्र संबंधी देखभाल को बढ़ाने की दिशा में अकाई अस्पताल की उल्लेखनीय प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अपनी अत्याधुनिक सुविधाओं, दयालु रोगी देखभाल और अभूतपूर्व अनुसंधान के साथ, अयकाई अस्पताल ने क्षेत्र में अग्रणी के रूप में अपनी प्रतिष्ठा अर्जित की है।

# आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो लिख दिया मकान बिकाऊ

लवकुश ठाकुर-क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ -थाना क्षेत्र के एक गांव में 20 वर्षीय युवती की हुई मौत के मामले में हत्या व दुष्कर्म की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज हो गई, लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई। इससे परेशान पीड़िता के परिवार ने अपने दरवाजे पर मकान बिकाऊ है.. लिखकर आरोपियों से डर और खतरे की आशंका जताई है। कहा कि न्याय न मिला तो वह गांव छोड़कर चल जाएंगे। पीड़ित परिवार के अनुसार आरोपी पक्ष समझौता करने के लिए दबाव बना रहा है। डर के चलते मृतका के पिता ने मकान के दरवाजे पर मकान बिकाऊ है.. लिख दिया है। हालांकि उनके दरवाजे पर दो पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं। पीड़ित पिता का कहना है उन्होंने बेटी का मोबाइल पुलिस को दिया था। मोबाइल में आरोपियों से संबंधित सभी साक्ष्य थे। आरोपी कई माह से बेटी को परेशान कर रहा था। कोतवाली पुलिस ने प्रधान के भाई को गिरफ्तार नहीं किया है। बेटी के मोबाइल की सही तरीके से जांच भी नहीं की। सोमवार को पीड़ित पिता एसएसपी कलानिधि नैथानी से भी मिले। उन्होंने जांच के लिए एक सप्ताह का समय मांगा। वहीं इंस्पेक्टर सुबोध कुमार का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ। दुष्कर्म की भी पुष्टि नहीं हुई। साक्ष्य के अभाव में गिरफ्तारी नहीं की गई है।

# Jemimah Rodrigues created mutiny on the land of BAN, looted the gathering with both bat and ball, name recorded historical record

Jemimah Rodrigues BAN-W vs IND-W 2nd ODI Indian women's cricket team's star player Jemimah Rodrigues has created history on the soil of Bangladesh. Jemima played an excellent inning of 86 runs while batting well. After this, he wreaked havoc with the ball as well and spent only three runs, showing the way to the four batsmen of the opposition team. Jemimah Rodrigues was on fire in the second ODI against Bangladesh. Jemima first played a fiery



innings of 86 runs with the bat, then wreaked havoc with the ball as well. Jemima showed the path of pavilion to four Bangladeshi batsmen by spending just three runs. Historical record recorded in the name of Jemima - Jemima Rodrigues was also awarded the Player of the Match award for her strong performance with both bat and ball. Jemima has created history with this stellar performance. She has become the first Indian woman cricketer to score a half-century and four wickets in a single match in ODI cricket. Along with this, Jemimah is also the first batsman to score fifty from India in ODIs on the soil of Bangladesh. Jemimah Rodrigues, while batting brilliantly, played an excellent inning of 86 runs in 78 balls. During this, 9 fours came out of his bat. Due to Jemima's brilliant innings, the Indian team was able to score 228 runs on the score board. Apart from Jemima, team captain Harmanpreet Kaur also contributed 52 runs. Did wonders with the ball- After rocking the bat, Jemima Rodrigues wreaked havoc with the ball as well. Jemima took 4 big wickets in her 3.1 spell, spending only 3 runs. In front of Jemima's sharp bowling, Bangladesh's batting order was scattered like cards and the whole team was reduced to just 120 runs. The Indian team equals the series - Along with beating Bangladesh in the second ODI, the Indian women's cricket team has also equalized the three-match series 1-1. In the first match, Bangladesh created history by defeating the Indian team for the first time in the history of ODI cricket. Bangladesh managed to win by 40 runs in a rain-affected match. The last and deciding match of the series will be played on 22 July.

# MS Dhoni, who was not considered capable, created havoc by taking 5 wickets, destroyed Pakistan's batting order

Rajvardhan Hangargekar Wickets IND A vs PAK A The 12th match of the Emerging Asia Cup is being played between India A and Pakistan A team. In this match, Pakistan-A team won the toss and decided to bat first. Batting first, the Pakistan-A team got all out after scoring 205 runs. All-rounder Rajvardhan Hengrekar bowled brilliantly and tore apart Pakistan's batting order. Rajvardhan Hangargekar Wickets IND A vs PAK A The 12th match of the Emerging Asia Cup is being played between India A and Pakistan A team. In this match, Pakistan-A team won the toss and decided to bat first. Batting first, the Pakistan-A team got all out after scoring 205 runs. For the India-A team, all-rounder Rajvardhan Hengargekar bowled amazingly and destroyed the batting order of Pakistan. Rajvardhan Hengargekar took a total of 5 wickets in the match and broke the back of the Pakistan team. He got the maximum five wickets by spending 42 runs while bowling eight overs for the team. Against Pakistan-A team, Rajvardhan Hangargekar created havoc by taking 5 wickets- Actually, while batting first, Pakistan-A team scored 50 overs. 205 runs scored. Kasim Akram (48) was able to score the most runs from the team. India-A team all-rounder Rajvardhan Hangargekar gave the team the first success in the fourth over of the innings. He dismissed Sean Ayub. During this, Ayub returned to the pavilion without opening the account. On the last ball of the same over, he made Omar Yusuf walk. He also could not open his account. In this way, by giving two big shocks to the Pakistan team in the beginning, Rajvardhan gave a wonderful start to the team. After this, he took three wickets in the 46th, 48th over of the innings and broke the back of the Pakistan team. He made Saim Ayub, Omair Yusuf, Qasim Akram, Mohammad Wasim and Shahnawaz Dahani his victims. Apart from Hangargekar, Manav Suthar took three wickets and Riyan Parag and Nishant Sindhu took one wicket each. Dhoni did not give much chance in IPL 2023- Let us tell you that Rajvardhan Hangargekar played in IPL 2023 from Chennai Super Kings team. He was given a chance to play only 2 matches by MS Dhoni and during this he took 3 wickets.



# Before the second Test match, Rohit Sharma revealed the playing XI, will give chance to this player

India has taken a 1-0 lead in the two-Test series. The second Test match will be played in Port of Spain, West Indies. Team India's picture was a super hit in the first test. In batting, Yashasvi Jaiswal and captain Rohit Sharma played century innings, while in bowling, Ravichandran Ashwin's magic was spoken with his head high. The second Test match between West Indies



and India will be played in Trinidad on 19 July. Both the teams have reached Trinidad. This Test match is Rohit Sharma's 100th Test match. Indian team captain Rohit Sharma held a press conference on this occasion. He said that this does not happen everyday. Also said a big thing about giving a chance to Ishaan Kishan. India has taken a 1-0 lead in the two-Test series. The second Test match will be played in Port of Spain, West Indies. Team India's picture was a super hit in the first test. In batting, Yashasvi Jaiswal and captain Rohit Sharma played century innings, then in bowling, Ravichandran Ashwin's magic was spoken with his head. There will be no change in the team- Indian team captain Rohit Sharma held a press conference before the second match. Rohit said, "There will be no change in the team, but as rain is predicted, the decision will be taken according to the conditions". "Indian team is changing. Young players are taking responsibility. Young players are the future of Indian cricket. They will take the team to new heights", Rohit said on Yashasvi Jaisaval's performance. Wicketkeeping has impressed- Rohit Sharma on Ishan Kishan's performance said, "Ishan Kishan has a lot of potential. He has made his place in the team in a short time. He recently scored a double century in the ODI format. We need to use his talent." That's why we should give him more chances. He is a left-handed batsman and he specializes in playing aggressive cricket, his wicketkeeping has impressed a lot".

# Now cricket will hit America, Nita Ambani expressed confidence; PM Modi also has contribution

Nita Ambani's team Mumbai Indians is third in the points table of the New York Major Cricket League. Neeta has expressed confidence that cricket will become a more popular sport in America in the times to come. Reliance Foundation chairperson Nita Ambani believes that interest in cricket is still growing in a country like the US, where baseball has always dominated. The first season of Major League Cricket (MLC) started on 14 July, consisting of six teams. Mumbai Indians New York, a franchise owned by Reliance Industries Limited, is one of the six teams included in the first season of MLC. The first match of the Major



Cricket League was between the Texas Super Kings and the Los Angeles Knight Riders at the Grand Prairie Stadium in Texas and a large number of spectators turned up to watch the match. Talking about the growing interest in cricket in the US, Nita Ambani said that ever since Prime Minister Narendra Modi mentioned Major League Cricket in the White House, many people have come forward to invest in the league and hope It is believed that cricket will grow further in the times to come. Reliance Foundation President Nita said "People in America will grow in interest in cricket. I think people's attention is increasing towards this game, we have six teams. Currently Mumbai Indians (NY) playing against Texas Super Kings In the White House, our Prime Minister also talked about cricket, a lot of people have invested in these teams and I am sure the interest of people will increase. IPL has played three matches so far and is third in the points table. Mumbai's only win is against LA Knight Riders. This team has faced defeat against San Francisco Unicorn and Texas Super Kings. Major League Cricket Mumbai Indians New York squad - Home players: Ehsan Adil, Hammad Azam, Saideep Ganesh, Shayan Jahangir, Nothush Kenjige, Sarbjit Ladda, Monank Patel, Kyle Phillip, Steven Taylor. Foreign players: Jason Behrendorff, Trent Boult, Dewald Brewis, Tim Davids, Rashid Khan, Kieron Pollard, Nicholas Pooran, Kagiso Rabada, David Wiese.

# Now Raj Kundra is going to become an actor, will play the main character in the film being made on pornography case

Raj Kundra, husband of Bollywood's famous actress Shilpa Shetty, is not only in the news because of his wife, but he also makes headlines because of the allegations leveled against him. Raj Kundra's name has been embroiled in a pornography case, under which many actresses had made various allegations against him. In this case, he had to stay in jail for two months. However, he was later granted bail. This high profile case related to Raj Kundra



made a lot of headlines, due to which he was also infamous. But now the news is coming that this whole case will be shown on the colorful screen of cinema, in which Raj Kundra himself will play the main role. Raj Kundra, husband of actress Shilpa Shetty and businessman Raj Kundra, spent 63 days in jail as a punishment in a pornography case in 2021. Was in the limelight. Even after coming out of jail, Raj Kundra avoided coming in front of the people, but now some such reports are coming out in which it is being claimed that preparations are being made to make a film on this entire episode which took place in the year 2021. . Yes, if reports are to be believed then a film will soon be made on this jail visit of Raj Kundra. According to several media reports, the producer is set to make a film to feature the controversies as well as the events surrounding Raj's life. A report is claiming that the upcoming film will feature Raj in Arthur Road Jail. Will present to the audience his experience during the sentence served by Kundra. In fact, the report also states that Raj himself will act in the film and will contribute from production to scripting. While there is talk of the businessman becoming an actor in this news, it has not been disclosed yet who will be given the command of directing the film. Reportedly, the film is currently in post production and will start shooting soon. Raj Kundra was arrested in July 2021 for allegedly making obscene videos and was granted bail in September. . They were booked under relevant sections of the Indian Penal Code, the Indecent Representation of Women (Prevention) Act and the Information Technology Act. Not only this, many actresses like Sherlyn Chopra to Flora Saini also accused Raj Kundra. After being arrested in July 2021, he had deleted his social media accounts. He was later granted bail. Since his arrest, Raj has often been seen covering his face with a face mask and hoodie whenever he steps out in public. Shilpa has also refrained from commenting on the matter. Both remain silent on this matter in front of paparazzi. Shilpa occasionally posts pictures and videos of them on her Instagram.

# Prabhas' look surfaced after Deepika, users gave a surprising reaction

Project K Prabhas First Poster Out Prabhas' last release film Adipurush could not do anything special at the box office. But despite this, his fans are sitting with high hopes from his upcoming film project. After Deepika Padukone, now recently the makers have also released the look of Prabhas from the film Project K, on which the fans are reacting. After Prabhas' Adipurush, now the fans are very excited for his upcoming film 'Project-K'. . For the first time in this film, the pair of him and Deepika Padukone will be seen by the fans. Fans will get to see the glimpse of the entire starcast from this film on 21st. Sometime back, Vyjayanthi Movies had raised the anxieties of the fans and told that soon Prabhas' first look from the film is going to be revealed to the audience and now that moment has come, as the makers have released the first look of Prabhas from the film. . Prabhas' first look from 'Project-K' came in front - Deepika Padukone's look had disappointed the fans a lot, after which people had high hopes from Prabhas' look. Now recently Vyjayanthi Movies has shared the look of Prabhas from the most awaited project on its official Twitter account. Sporting a superhero suit with long hair and intense eyes, Prabhas looks quite rebellious in his first poster. Sharing his look, the makers wrote in the caption, "Now the hero has risen and the game has changed. This is the rebel star Prabhas from the project." Will go". Seeing the look of Prabhas, social media users gave such a reaction- After seeing this poster of Prabhas, the mixed reaction of the fans is coming to the fore. Some are calling the film a blockbuster and mass entertainer, while some users are not liking the poster of Prabhas from 'Project K'. One user commented, "All the best Prabhas sir, hope the project turns out to be a blockbuster." Another user wrote, "The face and body are not matching at all in this poster." . Another user wrote, "This is a very bad poster". Let us tell you that on July 21, some more glimpses of this film are going to come in front of the fans.




# Celebs called 'Bawal' the best performance of Varun Dhawan-Jahnavi Kapoor, liked this scene

Bawaal Celeb Review A special screening of Varun Dhawan and Jhanvi Kapoor's film Bawaal was held on Wednesday. Many stars have told after watching the film how they liked the acting of Varun and Jhanvi. When Arjun Kapoor called Bawal interesting, Karan Johar said it is an original love story. He also praised the direction. Along with this, other celebs have also praised. Varun Dhawan and Jahnavi Kapoor's film 'Bawal' is going to be released on the OTT platform. The film is releasing on 21 July. A special screening of the film was held in Mumbai on Wednesday, which was attended by many Bollywood stars. He has reviewed the performance of Varun Dhawan and Janhvi Kapoor after watching the film. 'It makes me think about life'- Many stars including Arjun Kapoor, Karan Johar, Radhika Madan, Manish Paul arrived at the premiere of 'Bawal'. After watching his sister Janhvi's film, Arjun Kapoor told how he liked the film and her performance. The 'Half Girlfriend' actor said, "I enjoyed the film a lot... It's a unique and very interesting film that makes you think about relationships and life." Jhanvi Kapoor's best performance has been told.




# Was 'Dream Girl 2' re-shot? New update came on the film

Dream Girl 2 Update In the past, news had come out regarding the film Dream Girl 2 that the film is being re-shot. Meanwhile, a big information related to the film has come to the fore. Director Raj Shandilya has given an update regarding the film. This film is going to release next month. Ayushmann Khurrana and Ananya Pandey's film Dream Girl 2 is in the news. Ever since the film was announced, fans have been waiting for it. Meanwhile, a big information related to the film has come to the fore. Actually, there was news in the past that the film is being re-shot. In such a situation, now the makers themselves have given this statement. The film did not re-shoot- Let me tell you, recently the film makers have completed the shooting of a beautiful song from the film. The shoot went on for 5 days earlier this month and ended on July 15 in Mumbai. During an interview, director Raaj Shaandilyaa said about this, “It is not a re-shoot but it was our remaining shoot which we have just completed. The re-shoot of the film lasted for 12 days!According to a report in Bollywood Hungama, it was reported that producer Ekta Kapoor and director Raaj Shaandilyaa saw the first cut of the film. They were happy with the result, but also felt they could have done a few things better. He spoke to everyone from Ayushmann to other actors and technicians and all of them immediately agreed to reshoot certain portions. The re-shoot reportedly lasted for 12 days and was completed in Mumbai on July 15. The star cast will next be seen in Dream Girl 2, produced by Ekta R Kapoor and Shobha Kapoor and directed by Raaj Shaandilyaa, apart from Ayushmann Khurrana and Ananya Panday, Paresh Rawal Artists like Annu Kapoor, Vijay Raj, Rajpal Yadav are going to be seen. The film will be released in theaters on August 25 of next month.

